


देश-विदेश
न्यूयार्क को 96 किलो...



भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
''कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा''

पृष्ठ-2
स्वर्ण मंदिर में योग करने पर धमकियां



संस्थापकः शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

मंगलवार 25 जून, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 12 आषाढ़ 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 176
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200


# इमरजेंसीः 50 साल का काला धब्बा

## पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल में तीन गुणा काम करने का किया वादा, लोग सब्सटेंस चाहते हैं स्लोगन नहीं

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होने से पहले कहा कि उनकी सरकार तीसरे कार्यकाल में सबको साथ लेकर चलते हुए तीन गुणा काम करना चाहती है। उन्होंने देश में 50 साल पहले लगाए गए आपातकाल को याद करते हुए उसे लोकतंत्र पर काला धब्बा बताया। उन्होंने विपक्ष से अब तक मिली निराशा की बजाय जनता की आशाओं पर खरे उतरने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोग सब्सटेंस चाहते हैं स्लोगन नहीं चाहते। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि सब मिलकर विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने के लिए काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता विपक्ष से 'नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान' की जगह 'ठोस काम' और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। एक अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उनकी सरकार हर किसी की सहमति के साथ और हर किसी को साथ लेकर चलने का निरंतर प्रयास करेगी। पीएम मोदी ने यहां संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, सरकार चलाने के लिए बहुमत होता है, लेकिन देश चलाने के लिए सहमति बहुत जरूरी होती है। इसलिए हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हर किसी की सहमति के साथ, हर किसी को साथ लेकर मां भारती की सेवा करें, 140 करोड़ देशवासियों की आशा-आकांक्षाओं को परिपूर्ण करें।




● विपक्ष से मांगा सहयोग, देश चलाने के लिए सहमति बहुत जरूरी होती है, विपक्ष से 'नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान' की जगह 'ठोस काम' और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है

प्रधानमंत्री ने इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा, कल 25 जून है। जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है। भारत के लोकतंत्र पर जो काला धब्बा लगा था, कल उसके 50 साल हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। संविधान के चिथड़े-चिथड़े उड़ा दिये गये थे। देश को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था। इमरजेंसी के ये 50 साल इस संकल्प के हैं कि हम गौरव के साथ हमारे संविधान की रक्षा करते हुए भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा जो 50 साल पहले की गई थी। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने 60 साल बाद किसी सरकार को तीसरी बार मौका दिया है। यह सरकार की नीयत और नीतियों, जनता के प्रति सरकार के समर्पण भाव पर जनता जनार्दन की मुहर है। उन्होंने कहा, हमारा दायित्व भी बढ़ जाता है।

### गेहूं के भंडारण की सीमा निर्धारित हुई

(पढ़े पृष्ठ-2 पर)

### पिछले 10 साल अघोषित आपातकाल के : खड़गे



**पीएम** मोदी की बातों पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जमकर निशाना साधा। खड़गे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रथागत शब्द आज जरुरत से ज्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया। देश को आशा थी कि पीएम मोदी महत्वपूर्ण मुद्दों पर कुछ बोलेंगे। नीट व अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बारे में युवाओं के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएंगे, पर उन्होंने अपनी सरकार की धांधली व भ्रष्टाचार के बारे में कोई ज़िम्मेदारी नहीं ली। हाल ही में हुई पश्चिम बंगाल की रेल दुर्घटना के बारे में भी पीएम मोदी मौन साधे रहे। मणिपुर पिछले 13 महीनों से हिंसा की चपेट में है, पर वह न वहां गए और ना ही उन्होंने आज के अपने भाषण में ताज़ा हिंसा के बारे में कोई चिंता व्यक्त की है। असम व पूर्वोत्तर में बाढ़ हो, कमरतोड़ महंगाई हो, रुपए का गिरना हो, एग्जिट पोल-स्टॉक मार्केट घोटाला हो। उन्होंने इस पर कुछ भी नहीं कहा। खड़गे ने आगे लिखा कि अगली जनगणना लंबे समय से मोदी सरकार ने लंबित रखी है, जातिगत जनगणना पर भी वह बिल्कुल चुप थे। खड़गे ने लिखा कि पीएम मोदी आप विपक्ष को नसीहत दे रहे हैं। 50 साल पुराने आपातकाल की याद दिला रहे हैं, पिछले 10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने अंत कर दिया।

### पीएम और मंत्रियों ने ली सांसद पद की शपथ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के लिए संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने पर प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने उन्हें 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। सदन के नेता होने के नाते लोकसभा में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शपथ दिलाई गई। शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री ने प्रोटेम स्पीकर का धन्यवाद किया और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपने स्थान को ग्रहण किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, अपने देश की सेवा करने पर गर्व है। संसद सदस्य के रूप में शपथ ले रहा हूँ। प्रधानमंत्री के उपरांत कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश का नाम पुकारा गया लेकिन वह सदन में मौजूद नहीं थे। इसके बाद टीआर बालू का नाम प्रोटेम स्पीकर ने पुकारा लेकिन वह भी सदन में मौजूद नहीं थे। फिर राधा मोहन सिंह को संसद सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। इसके बाद फग्गन सिंह कुलस्ते ने संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। इसके बाद केंद्रीय मंत्रियों को शपथ दिलाई गई जिनमें सबसे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शपथ ली। राजनाथ सिंह के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन जयराम गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, एचडी कुमारस्वामी, पीयूष गोयल ने संसद सदस्य के तौर पर शपथ ली।

## केजरीवाल की जमानत पर हाईकोर्ट आज देगा फैसला

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जमानत के मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट कल दोपहर अपना फैसला सुनाएगा। ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। जहां हाईकोर्ट ने उनकी जमानत पर रोक लगा दी थी। कल (मंगलवार) हाईकोर्ट में दोपहर 2.30 बजे के बाद फैसला सुनाएगा।

इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख तय की है। वहीं ईडी ने सोमवार को हाईकोर्ट में केजरीवाल की जमानत का जोरदार विरोध किया।

इस मामले में ईडी की ओर से 29 पेज का लिखित जवाब भी दायर किया गया। ईडी ने यह तर्क दिया कि कोर्ट द्वारा केजरीवाल को दी गई जमानत गैर कानूनी है। और यह कहा कि ट्रायल कोर्ट में सभी रखे हुए सबूत और तथ्य दरकिनार करने के बाद ही अपना फैसला दिया था।



### अंतरिम रोक लगाकर फैसला सुरक्षित रखना असामान्य

**उच्चतम** न्यायालय ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के फैसले पर उच्च न्यायालय द्वारा अंतरिम रोक लगाते हुए फैसला सुरक्षित रखने की कार्रवाई को सोमवार को 'असामान्य' करार दिया। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखते समय उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई अंतरिम रोक के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख तय की है। **(पृष्ठ-4 भी देखें)**

## संविधान की प्रति लेकर 'इंडिया' का संसद मार्च

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') के कई घटक दलों के नेता 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र के पहले दिन सोमवार को संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे और एकजुटता प्रकट की।

कार्यवाही आरंभ होने से पहले विपक्षी गठबंधन के सांसद संसद परिसर में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। उन्होंने 'संविधान की रक्षा हम करेंगे' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। इस दौरान सोनिया गांधी, खड़गे, राहुल गांधी तथा द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के कई अन्य घटक दलों के सांसद मौजूद थे। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया और कहा कि यह उन्हें स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर रहे हैं। हम संविधान पर वह हमला नहीं होने देंगे।'' उनका यह भी कहना था, ''यह हमला हमें स्वीकार्य नहीं है।'' कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने विपक्षी सांसदों की नारेबाजी का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, हम लोकतंत्र के प्रहरी हैं। हम संविधान की रक्षा करने और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



● लोकसभा सत्र के पहले दिन 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों ने दिखाई एकजुटता

● सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की और कहा 'संविधान की रक्षा हम करेंगे'

### नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता नियुक्त किये गये



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया है।आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।उच्च सदन में नड्डा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की जगह लेंगे। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में गोयल ने महाराष्ट्र से जीत दर्ज की है। गोयल ने आज निचले सदन के सदस्य के तौर पर शपथ ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं।नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के साथ ही केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं।

## रोहित के जलवे से भारत सेमीफाइनल में

ग्रॉस आईलेट : विश्व कप टी-20 के सुपर-8 के अपने आखिरी मुकाबले में भारत ने आस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश पाया। रोहित शर्मा ने 41 गेंद पर धुआंधार 92 रन बनाए जिसमें 8 छक्के और 7 चौक्के भी शामिल हैं।

**(पढ़ें अंतिम पृष्ठ पर)**




> जो सच पूछो तो दुनिया में फकत रोना ही रोना है। जिसे हम जिन्दगी कहते हैं, कांटों का बिछौना है। -विलियम शेक्सपीयर






आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com


## 'शांतता संसद चालू आहे'

**18वीं** नई लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो चुका है और नवनिर्वाचित सांसद सदस्यता की शपथ ले रहे हैं। नये सांसदों को संसद की नियमावली के अनुसार व्यवहार व आचरण करना सीखना होगा तब जाकर वे इस सर्वोच्च सदन में जनता के मुद्दे उठा सकेंगे। दुनिया के सबसे बड़े संसदीय लोकतन्त्र के सर्वोच्च सदन में पहुंचने वाले सभी सांसदों को बधाई देते हुए पंजाब केसरी अपेक्षा करता है कि वे सभी अपने चुनाव क्षेत्रों की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। संसद का सबसे पहला अलिखित नियम लोकतन्त्र में यह होता है कि जब देश की सड़कों पर कोहराम मचा होता है तो संसद किसी भी तरीके से चुप नहीं बैठ सकती। अतः हम देख सकते हैं कि संसद के इस सत्र में देश के युवाओं की बेचैनी की झलक देखने को मिले, क्योंकि राष्ट्रीय परीक्षाओं के लिए जिम्मेदार नेट ने जिस गैर जिम्मेदारी का परिचय दिया है उससे लाखों युवकों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है। नीट की परीक्षा रद्द कर दी गई है और अन्य परीक्षाओं के भविष्य के बारे में भी इत्मीनान से कुछ नहीं कहा जा सकता। इसकी वजह से सड़कों पर कोहराम है। जगह-जगह युवा प्रदर्शन कर रहे हैं।

चुने हुए सांसदों को दलगत हितों से ऊपर उठ कर इसका संज्ञान लेना होगा और सत्ता पर काबिज हुई सरकार को चेताना होगा कि 21वीं सदी के टैक्नोलॉजी युग में पेपर लीक होने का क्या मतलब होता है। पेपर लीक होना जिस तरह सामान्य घटना बनती जा रही है उससे लगता है कि हमने जितना विकास किया है उतना ही अधिक हम बेइमान हो गये हैं। विकास की अंधी दौड़ में सामाजिक चेतना जब मर जाती है तो वह विकास निरर्थक माना जाता है। संसद के सामने सबसे यक्ष प्रश्न देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी है जिसका हल इसी संसद को ढूंढना होगा। चुनाव में जो भी मुद्दे थे वे केवल जनता को रिझाने के लिए नहीं थे बल्कि उनके हल के लिए भी इसी संसद को रास्ते खोजने होंगे। ऐसे सभी मुद्दों व समस्याओं को दलगत भावना से ऊपर उठ कर हल करना होगा जो सीधे राष्ट्रीय हितों से जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि फौजदारी कानूनों में जो बदलाव किये गये हैं वे 1 जुलाई से लागू होने हैं। नई संसद को यह देखना होगा कि इन तीन नये कानूनों को लागू करने से देश में लोकतन्त्र की व्यवस्था पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। यह राष्ट्रीय महत्व का मुद्दा है जिसके साथ लोकतन्त्र का भविष्य जुड़ा हुआ है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बदलाव की ललक में हम कहीं ऐसे बदलाव न कर बैठें जो हमारे लोकतन्त्र के लिए घातक सिद्ध हों।

लोकतन्त्र में जितने नागरिक ज्यादा मजबूत होंगे देश भी उतना ही अधिक मजबूत होगा। लोकतन्त्र नागरिक को सशक्त बनाते हुए चलता है जिससे देश खुद-बखुद मजबूत होता चला जाता है। यदि ऐसा न होता तो हम आज इतनी तरक्की न कर पाते और विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था होने का दम्भ न भर रहे होते। भारत ने 1947 के बाद से जो भी तरक्की की है वह इसी लोकतान्त्रिक व्यवस्था में लोगों की मदद से की है। लोगों ने समय-समय पर ऐसी सरकारों का चयन किया जिन्होंने उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया। विकास अचानक कभी नहीं होता बल्कि इसका एक क्रम होता है। आजादी के बाद सुई तक न बनाने वाले भारत ने आज कृषि के क्षेत्र से लेकर विज्ञान तक के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की की है। इसका अन्दाजा इस बात से आसानी से लगाया जा सकता है कि भारत जब आजाद हुआ था तो इसके किसानों के पास कुल साढ़े पांच हजार ट्रैक्टर थे। आज इनकी संख्या लाखों में पहुंच चुकी है। हमने समुद्र विज्ञान से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक के क्षेत्र में अपने झंडे गाड़े हैं। हम आज दुनिया की छठी वैधानिक परमाणु शक्ति बन चुके हैं। यह सब काम सतत् प्रक्रिया के दौरान हुआ है। लोकतन्त्र में सरकार एक सतत् प्रक्रिया होती है। हर सरकार लोगों द्वारा चुनी गई सरकार होती है और वह लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रय़त्न करती है। अतः हर दौर में जो भी नीतियां बनती हैं वे सभी लोगों के कल्याण के लिए होती हैं। जब लोग देखते हैं कि उनके द्वारा चुनी गई सरकार का कामकाज सन्तोषजनक नहीं है और वह लोक कल्याण के भाव से काम नहीं कर रही है तो लोग उसे पांच साल बाद बदल देते हैं।

भारत चाहे किसी भी अर्थव्यवस्था के तहत चले मगर यह लोक कल्याणकारी राज ही बन कर रह सकता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि अभी भी भारत में 33 प्रतिशत के लगभग परिवार छह हजार रुपए प्रति महीने की आमदनी पर जीते हैं। (बिहार के जातिगत-आर्थिक सर्वेक्षण ने यह साफ कर दिया है) अतः लोकतन्त्र का मतलब केवल हर पांच साल बाद चुनाव में हार- जीत का नहीं होता बल्कि लोक कल्याणकारी राज की तर्ज को आगे बढ़ाना होता है। यह देश गांधी का है और गांधी का सपना यही था कि आजाद भारत एक लोक कल्याणकारी राज बने। अतः नई संसद का यह पहला कर्त्तव्य है कि जो 33 प्रतिशत लोग हैं उनकी आमदनी में इतना इजाफा हो कि वे समाज में सम्मान के साथ जी सकें और कह सकें कि वे भी आत्मनिर्भर हैं। भारत तभी आत्मनिर्भर देश बनेगा जब इसके लोग आत्मनिर्भर होंगे। गांधी का यही सिद्धान्त है। इसलिए किसी भी सरकार को सर्वव्यापी आत्मनिर्भरता के लिए सबसे पहले लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना होगा। अपनी नीतियों से सरकारें यही सुनिश्चित करती हैं और तभी लोक कल्याणकारी राज स्थापित होता है। संसद का पहला काम यही देखना होता है। लोकसभा के पहले अध्यक्ष स्व. जी.वी. मावलंकर ने बहुत सोच-विचार कर ही यह कहा होगा कि संसद इसलिए नहीं जानी जायेगी कि उसने कितने कानून बनाये बल्कि इसलिए जानी जायेगी कि उसकी मार्फत कितने लोगों के जीवन में बदलाव आया।


**आपातकाल की यादें** तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 1975 में पंजाब केसरी की आवाज को कुचलने की कोशिश की थी...

# जब ट्रैक्टर से की प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

देश में आपातकाल की घोषणा 25 जून, 1975 को की गई थी - जो उस समय की घटनाओं को याद करने का यह एक अवसर है। इतिहास की घटनाओं को सिर्फ यादों में नहीं रखा जा सकता। खास तौर पर उन घटनाओं को जो विचलित करने वाली हैं, बल्कि उनसे सबक लेने के लिए याद किया जाना चाहिए और आपातकाल से मिले सबकों में से आज सबसे उपयुक्त सबक यह है कि प्रेस की आजादी को कुचलने की कोशिशें कभी नहीं होनी चाहिए। आपातकाल के दौरान जब देश की जनता के मौलिक अधिकार एक झटके में निलम्बित कर दिए गए थे तब पंजाब केसरी दिल्ली के संस्थापक सम्पादक अमर शहीद लाला जगत नारायण और मुख्य सम्पादक रहे अमर शहीद रमेश चन्द्र जी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासन का जमकर विरोध किया। तब निष्ठुर सत्ता ने पंजाब केसरी की आवाज को कुचलने की कोशिश की उस समय पंजाब में ज्ञानी जैल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार थी।





आपातकाल की घोषणा होते ही लाला जगत नारायण जी को गिरफ्तार कर लिया गया। खबरों पर सेंसरशिप लगा दी गई और परिवार पर बिजली चोरी के झूठे केस बना दिए गए। उस समय पंजाब केसरी दिल्ली के पूर्व मुख्य सम्पादक श्री अश्विनी कुमार मुम्बई में क्रिकेट कैम्प में अभ्यास करने के लिए गए हुए थे। रात ही रात में श्री अश्विनी कुमार जालंधर लौटे तब लाला जगत नारायण जी फिरोजपुर जेल में पंजाब के अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं के साथ बंद थे। प्रेस की बिजली काट दी गई थी, जनरेटर चलाने की भी इजाजत नहीं थी। तब एक किसान से ट्रैक्टर लेकर प्रिंटिंग मशीन चलाई गई। और पंजाब केसरी समाचार पत्र निरंतर पाठकों के हाथ में पहुंचता रहा। तब अश्विनी कुमार अपने पिता रमेश चन्द्र जी के साथ फिरोजपुर जेल में मुलाकात के लिए जाते थे तब जेल में अखबार भी पहुंचा दी जाती थी। ज्ञानी जैल सिंह सरकार ने बहुत कोशिश की कि लाला जी सरकार के खिलाफ लिखना बंद कर दें लेकिन लाला जी ने उनके सामने झुकने से इनकार कर दिया। लाला जी ने उनसे कहा कि 16 वर्ष अंग्रेजों की जेलों में रहकर स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़ी है। मुझे जेल में रहकर कोई फर्क नहीं पड़ता। अंततः जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में चलाए गए आंदोलन के बाद इंदिरा गांधी को आातकाल खत्म करना पड़ा और उसके बाद हुए आम चुनावों में कांग्रेस को सत्ता गंवानी पड़ी। इस तरह पंजाब केसरी परिवार ने प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा की और नया उदाहरण स्थापित किया।





NEW LAYOUT-674X576 Pawan New

CMYK





नई दिल्ली में 24 जून को नवनिर्वाचित दिल्ली के सातों भाजपाई सांसदों मनोज तिवारी, प्रवीन खंडेलवाल, हर्ष मल्होत्रा, बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत, रामवीर बिधूड़ी और योगेंद्र चंदोलिया ने शपथ ली। हर्ष मल्होत्रा राज्य मंत्री भी हैं।



नई दिल्ली में सोमवार को 18वीं लोकसभा के पहले दिन संसद में शपथ लेते केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, अर्जुनराम मेघवाल, जितेंद्र सिंह, जी.किशन रेड्डी, किरेन रिजिजू, जितिन प्रसाद तथा प्रहलाद जोशी। (छाया : यूएनआई)

# स्पीकर के लिए भाजपा का मंथन

## इंडिया गठबंधन भी अपने विकल्प तलाशने में जुटा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार को लेकर अपने सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श शुरू कर दिया है, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है और राजनीतिक संदेश देने के इरादे से चुनावी मुकाबले की स्थिति पैदा कर सकता है।राजग ने अपनी पसंद के बारे में कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है क्योंकि वह अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है और विपक्ष को राजनीतिक हमला करने के किसी भी अवसर से वंचित करना चाहता है। सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक तेलुगु देशम पार्टी (देदेपा) के नेता और केंद्रीय मंत्री के राममोहन नायडू ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू सहित गठबंधन के नेता इस मामले पर निर्णय लेंगे। उनका कहना था कि उन्हें अभी किसी अंतिम निर्णय से अवगत नहीं कराया गया है। भाजपा के एक अन्य सहयोगी दल के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि भाजपा नेतृत्व ने उनसे विचार-विमर्श किया है। उन्होंने विवरण बताने से इनकार कर दिया। राजग नेताओं के एक वर्ग का विचार है कि पिछली लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला को फिर से नामित किया जा सकता है।

### संसद में उठाएंगे नीट का मुद्दा

नीट-यूजी और कुछ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर खड़े हुए विवाद के बीच विपक्षी सांसदों ने सोमवार कहा कि सरकार को इस मामले पर जवाब देना होगा और इस विषय इस सत्र में उठाया जाएगा। नयी लोकसभा में शपथ लेने वाले कई नवनिर्वाचित सदस्यों ने कहा कि सरकार उन छात्रों की कठिनाइयों पर विचार नहीं कर रही है जो खुद को अधर में फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता भी सवालों के घेरे में आ गई है। द्रमुक सांसद कनिमोझि ने कहा कि तमिलनाडु लंबे समय से नीट की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है और अब पूरा देश इस बात को दोहरा रहा है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, "सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में है। तमिलनाडु ने हमेशा कहा है कि हम नीट नहीं चाहते हैं। आज यह स्पष्ट है कि यह परीक्षा वास्तव में निष्पक्ष नहीं है... अब, पूरा देश वही कह रहा है जो हम लंबे समय से कहते आ रहे हैं।" बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने नीट-यूजी में अनियमितताओं की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने पर सवाल उठाया।

# सरकार और अधिक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध : शाह



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जीएसटी से घरेलू वस्तुओं की कीमतों को कम करने में मदद मिली है। उन्होंने साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करने की सराहना की। शाह ने कहा कि राजग सरकार नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए और अधिक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के आंकड़ों के अनुसार जीएसटी लागू होने के बाद आटा, सौंदर्य प्रसाधन, टेलीविजन और रेफ्रिजरेटर सहित ज्यादातर घरेलू सामान सस्ते हुए हैं। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'जनता की सरकार के सिद्धांतों पर खरा उतरते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने नागरिकों को राहत देने के लिए जीएसटी लागू किया। आज जीएसटी ने न केवल लोगों को बहुस्तरीय कर प्रणाली से राहत दी है, बल्कि घरेलू वस्तुओं की कीमतों को कम करने में भी कारगर साबित हुआ है। हम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए और अधिक सुधार लाने को प्रतिबद्ध हैं।' जीएसटी में 17 स्थानीय कर और शुल्क को समाहित कर इसे एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया। एक रिपोर्ट में कहा गया कि जीएसटी लागू होने के लगभग सात वर्षों में, आम लोगों के उपयोग वाले कई उत्पादों और सेवाओं पर कर कम हुआ है।

# सीबीआई 5 और राज्यों में जुटी

## नीट में गड़बड़ियों को लेकर ममता ने लिखा पीएम मोदी को पत्र

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित गड़बड़ी के पांच नये मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब पेपर लीक मुद्दे पर सरकार को संसद में घेरने के लिए विपक्ष की तैयारी के साथ सियासी पारा तेज हो गया है।

वहीं महाराष्ट्र के लातूर से आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) मामले में गिरफ्तार किया है और चार व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई यह पता चलने के बाद की गई कि 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) परीक्षा में सफल होने के लिए पैसे देने के इच्छुक छात्रों की मदद करने के वास्ते एक गिरोह चलाया जा रहा था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर आग्रह किया कि 'पेपर लीक' विवाद को देखते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) खत्म करने और राज्यों द्वारा परीक्षा आयोजित कराने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए। कई विपक्षी सांसदों ने 18वीं लोकसभा के पहले दिन कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर संसद में जवाब देना होगा क्योंकि इससे लाखों छात्रों को परेशानी हो रही है।

### नकल विरोधी कानून पर एक्शन में सरकार

केंद्र ने हाल में अधिसूचित प्रश्नपत्र लीक रोधी कानून के तहत नियम सोमवार को सार्वजनिक कर दिए। इसके तहत राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) को कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए नियम, मानक और दिशानिर्देश तैयार करने का दायित्व सौंपा गया है। सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के लागू होने के कुछ दिनों के भीतर ही नियमों को अधिसूचित कर दिया गया। यह विभिन्न सार्वजनिक संस्थानों द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए अनुचित साधनों के इस्तेमाल के खिलाफ पहला राष्ट्रीय कानून है। सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 को नौ फरवरी को राज्यसभा ने और छह फरवरी को लोकसभा ने पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को विधेयक को मंजूरी दे दी, जिससे यह कानून बन गया। इस कानून का उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल को रोकना है।

# धमतरी मुठभेड़ में मारे गए नक्सली पर था पांच लाख रुपए का इनाम

**धमतरी,**(पंजाब केसरी): छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में रविवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए एक नक्सली की पहचान अरुण मंडावी के रूप में हुई है और उस पर पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक अरुण नक्सलियों की क्षेत्रीय कमेटी का सदस्य था। धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि नक्सली की पहचान अरुण मंडावी के रूप में हुई है, जो माओवादियों की सीतानदी क्षेत्रीय कमेटी में सक्रिय था। यह क्षेत्रीय कमेटी गरियाबंद (छत्तीसगढ़) और ओडिशा सीमा पर सक्रिय है। पुलिस ने रविवार को बताया था कि जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुहकोट-आमझर गांव के पास एक जंगल में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से एक नक्सली का शव, एक एसएलआर राइफल, दो मैगजीन, माओवादी साहित्य और अन्य सामान बरामद किया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंडावी कई नक्सली घटनाओं में शामिल था, जिसमें 2022 में ओडिशा के सोनाबेड़ा इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ तथा इस वर्ष अप्रैल माह में धमतरी के बोराई थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ की घटना शामिल थी।

# चंडीगढ़ के मॉल में 'टॉय ट्रेन' का डिब्बा पलटने से बच्चे की मौत

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): चंडीगढ़ के एक मॉल में 'टॉय ट्रेन' का डिब्बा पलट जाने से उसमें सवारी कर रहे एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात एलांटे मॉल में हुई, जहां पंजाब के नवांशहर के बलाचौर से यह बच्चा अपने परिवार के साथ घूमने आया था। घटना का कथित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस के अनुसार, शहबाज आखिरी डिब्बे में बैठा था, जो 'टॉय ट्रेन' के मुड़ने के कारण पलट गया, जिससे लड़के के सिर में गंभीर चोटें आईं। उसने बताया कि घटना में पीड़ित का चचेरा भाई सुरक्षित बच गया, जो उसके साथ बैठा था।

# स्वर्ण मंदिर में योग करने पर धमकियां, फैशन डिजाइनर को मिली सुरक्षा



**वडोदरा (गुजरात),** (पंजाब केसरी): वडोदरा की एक फैशन डिजाइनर को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में योग करने के बाद जान से मारने की धमकियां मिलने के चलते पुलिस की सुरक्षा मुहैया करायी गयी है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। फैशन डिजाइनर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अर्चना मकवाना ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को स्वर्ण मंदिर में 'शीर्षासन' किया और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीं। इसके बाद आलोचनाओं के घेरे में आईं मकवाना को जान से मारने की धमकियां भी मिलीं।

मकवाना ने अपने कृत्य के लिए माफी मांगी और कहा कि उनका इरादा कभी भी किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का नहीं था। पंजाब पुलिस ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की शिकायत पर रविवार को मकवाना पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण इरादा) के तहत मामला दर्ज किया।

# जालंधर में मान ने किराए पर लिया मकान

**जालंधर,** (पंजाब केसरी) : पंजाब के जालंधर पश्चिमी विधानसभा सीट पर उपचुनाव में आम आदमी पार्टी पूरे दमखम से मैदान में उतर रही है। यहीं नहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी उपचुनाव में जीत के लिए जालंधर में ही डेरा डाल लिया है। दरअसल, सीएम मान 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर आप के चुनाव प्रचार के वास्ते जालंधर में एक डाक्टर दपंति का मकान किराए पर ले चुके हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शहर के नामी सर्जन डाक्टर रणबीर सिंह और उनकी पत्नी डा. हरलीन कौर के दो मंजिला 118 मरला मकान को किराए पर लिया है। डाक्टर रणबीर जालंधर के अपेक्स अस्पताल में सर्जन के रूप में काम करते हैं। मुख्यमंत्री मान अपने परिवार के साथ इस मकान में रहेंगे।

# सभी के लिए सड़कें, फुटपाथ क्यों नहीं खाली कराए जा सकते : हाईकोर्ट

- अदालत ने पूछा, 'जब प्रधानमंत्री या कोई वीवीआईपी आते हैं तो सड़कें और फुटपाथ तुरंत साफ कैसे हो जाते हैं

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): बम्बई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है।

पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए। उन्हें (राज्य सरकार) अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे।

उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष शहर में अनाधिकृत रेहड़ी और फेरीवालों के मुद्दे पर स्वत: संज्ञान लिया था। पीठ ने सोमवार को कहा कि उसे पता है कि समस्या बड़ी है लेकिन राज्य और नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी इसे ऐसे ही नहीं छोड़ सकते।

**Wanted**

**ACCOUNTANT**

Leading Hindi daily urgently Requires Accountant (Minimum exp. 5 years in a CA Firm) with complete knowledge of Excel at its office **Near NSP Metro Station, Delhi.**

Apply with details within 7 days.

Email: careerds2250@gmail.com

Mobile : 9310206323 | 9310739099

# भारत-पाक प्रतिनिधिमंडल ने बिजली परियोजनाओं का निरीक्षण शुरू किया

- सिंधु जल संधि: 1960 की संधि के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा

**जम्मू,** (पंजाब केसरी): भारत और पाकिस्तान के दलों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल सोमवार को तटस्थ विशेषज्ञों के साथ जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में पहुंचा और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत दो बिजली परियोजनाओं का निरीक्षण शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि 40 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार की शाम को जम्मू पहुंचा और चेनाब घाटी क्षेत्र में विभिन्न निर्माणाधीन बिजली परियोजनाओं के निरीक्षण के लिए सुबह किश्तवाड़ के लिए रवाना हुआ था। वर्ष 1960 की संधि के विवाद निपटान तंत्र के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है। भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की बातचीत के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें विश्व बैंक भी हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शामिल हुआ था। यह संधि सीमा के दोनों ओर की नदियों के पानी के उपयोग पर समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान का प्रावधान करती है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।

**REQUIRED MARKETING EXECUTIVES**

A Leading **Hindi Daily Newspaper** Published from Delhi Requires Executives for Marketing Space for Advertisements relating to Retail, Education, Tours Travel, life style and such other areas. Interested Males/ Females, Freshers Experienced Graduates may apply within 7 days.

E-mail : careerds2250@gmail.com

**ड्राइवर चाहिए**

वजीरपुर, दिल्ली स्थित कार्यालय के लिए ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिन्हें सभी प्रकार की गाड़ियां चलाने का अनुभव हो।

**संपर्क करें**

**फोन नंबर- 9310206323, 9310739099**

**फोन करें -** 10:00 AM to 5:00 PM

# गेहूं के भंडारण की सीमा निर्धारित

- जमाखोरी और कीमतों को स्थिर रखने के लिए उठाया कदम

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकार ने खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, प्रोसेसर और बड़ी श्रृंखलाओं के खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं भंडारण की सीमा लगा दी है। कीमतों में स्थिरता और जमाखोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एकल खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता, प्रोसेसर और थोक विक्रेता हर शुक्रवार को अपने पास भंडारित गेहूं के स्टॉक का खुलासा करेंगे। चोपड़ा ने कहा, "मैं देश में गेहूं की कमी को दूर करना चाहता हूं।" उन्होंने यह कहा कि अभी गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध है और चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध की समीक्षा करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा, "हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें।" चोपड़ा ने आगे बताया कि थोक विक्रेताओं के लिए स्टॉक सीमा 3,000 टन होगी। जबकि यह प्रोसेसर के लिए यह प्रसंस्करण क्षमता का 70 प्रतिशत होगी। उन्होंने बताया कि बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन प्रति बिक्री केन्द्र की होगी, जिसकी कुल सीमा 3,000 टन होगी तथा एकल खुदरा बिक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन की होगी। चोपड़ा ने बताया कि हाल ही में मीडिया में आई उन खबरों के मद्देनजर स्टॉक सीमा लगाई गई है, जिनमें कहा गया है कि गेहूं सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि जमाखोरी को कम करने के लिए स्टॉक सीमा लगाई गई है।

# सरोगेसी से मां बनने पर मिलेगा छह महीने का मातृत्व अवकाश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकारी महिला कर्मी सरोगेसी (किराये की कोख) के जरिए बच्चा होने की सूरत में 180 दिन का मातृत्व अवकाश ले सकती हैं। केंद्र सरकार ने इस संबंध में 50 साल पुराने नियम में संशोधन की घोषणा की है।

केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियमावली, 1972 में किए बदलावों के अनुसार, 'अधिष्ठाता मां' (सरोगेसी के जरिए जन्मे बच्चे को पालने वाली मां) बच्चे की देखभाल के लिए अवकाश ले सकती है और साथ ही 'अधिष्ठाता पिता' 15 दिन का पितृत्व अवकाश ले सकता है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा अधिसूचित संशोधित नियमों में कहा गया है, 'सरोगेसी की दशा में, सरोगेट के साथ ही अधिष्ठाता मां को, जिसके दो से कम जीवित बच्चे हैं, एक अथवा दोनों के सरकारी सेवक होने की स्थिति में 180 दिन का मातृत्व अवकाश दिया जा सकता है।'

अभी तक सरोगेसी के जरिए बच्चे के जन्म की सूरत में सरकारी महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने के लिए कोई नियम नहीं था। नए नियमों में कहा गया है, "सरोगेसी के माध्यम से बच्चा होने के मामले में अधिष्ठाता पिता, जो सरकारी सेवक है, जिसके दो से कम जीवित बच्चे हैं, उसे बच्चे के जन्म की तारीख से छह माह के भीतर 15 दिन का पितृत्व अवकाश दिया जा सकता है।" इन नियमों को 18 जून को अधिसूचित किया गया।

# 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 25 June, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल)
समय पर प्रोजेक्ट पूरा होने से राहत की सांस लेंगे। समाज में प्रियजनों की कंपनी को एन्जॉय करेंगे। अच्छी शेप पाने के लिए हेल्थ के प्रति जागरुक होना होगा। किसी स्कीम में पूर्व निवेश से लाभ होना शुरू होगा।
**लकी नंबर- 8 लकी कलर- ब्लू**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई)
हर प्लान में परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने में सफल होंगे। नई स्किल्स सीखने के लिए इंस्टीट्यूट जॉइन कर सकते हैं।
**लकी नंबर- 2 लकी कलर- लाइट ग्रे**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून)
इन्वेस्ट करने के लिए बेस्ट स्कीम आपको मिलेगी। लोगों को अपने पक्ष में करने में कामयाबी मिलेगी। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है।
**लकी नंबर- 7 लकी कलर- ब्राउन**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई)
नौकरीपेशा लोगों को अच्छा प्रमोशन मिल सकता है। अपनी हेल्थ की ओर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे शहर की यात्रा के दौरान अधिक थकान हो सकती है।
**लकी नंबर- 22 लकी कलर- व्हाइट**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त)
वर्कप्लेस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश करें। घर के शांत वातावरण में सुकून का अनुभव करेंगे। छुट्टियों में शॉर्ट वैकेशन ट्रिप प्लान कर सकते हैं।
**लकी नंबर- 11 लकी कलर- पीच**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर)
किसी सामाजिक समारोह में थोड़ा व्यस्त रहेंगे। इन्वेस्टमेंट के बेहतर विकल्प तलाशने की कोशिश करें। घर का माहौल शांत बनाए रखने के प्रयास सफल होंगे। किसी रिश्तेदार से मिलने दूसरे शहर जा सकते हैं।
**लकी नंबर- 18 लकी कलर- ग्रीन**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर)
किसी सोशल फंक्शन में सम्मिलित हो सकते हैं। वर्कप्लेस पर सिचुएशन को बिगड़ने से पहले अपने कंट्रोल में लें। सही व्यक्ति की सलाह से जल्द कोई सपना पूरा हो सकता है। प्रोपर्टी से रिलेटेड पेपरवर्क जल्द पूरा कर लें।
**लकी नंबर- 4 लकी कलर- सिल्वर**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर)
आज कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात संभव है। किसी पार्टी या जश्न की तैयारी में बिजी रह सकते हैं। विदेश यात्रा का योग बनता नजर आ रहा है। पार्टनर के सहयोग से रिश्तों में मजबूती आएगी।
**लकी नंबर- 2 लकी कलर- बेबी पिंक**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर)
जीवनसाथी के साथ तालमेल और प्यार बढ़ेगा। नौकरी तलाश कर रहे युवा कुछ नई स्किल्स सीखें। परेशानी खड़ी करने वाले लोगों से दूरी बनाए रखें।
**लकी नंबर- 6 लकी कलर- येलो**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी)
अच्छी आमदनी से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। फिटनेस के लिए सेल्फ-मोटिवेशन जरूरी है। दूसरे शहर की यात्रा का प्लान बन सकता है। घर के इंटीरियर में कुछ बदलाव करा सकते हैं। **लकी नंबर- 8लकी कलर- सिल्वर**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी)
फिटनेस के मामले में दोस्त आपकी मदद करेगा। करियरफ्रंट पर लोगों से संपर्क बढ़ाने की कोशिश करें। करीबी दोस्त से मिलने लंबी यात्रा पर जा सकते हैं। समाज में आपकी लोकप्रियता में इजाफा होगा।
**लकी नंबर- 17 लकी कलर- मैजेंटा**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च)
निवेश के अच्छे अवसर मिलने की संभावना है। डेली रूटीन में बदलाव से हेल्थ बेनेफिट्स होंगे। नई जगह एक्सप्लोर करने का मौका मिल सकता है। पार्टनर आपकी फीलिंग्स की कद्र करेगा।
**लकी नंबर- 7 लकी कलर- मैरून**


CMYK

# 18वीं लोकसभा का संसद सत्र शुरू : केन्द्रीय मंत्रियों ने सदस्य के रूप में ली शपथ












नई दिल्ली में सोमवार को 18वीं लोकसभा संसद सत्र के पहले दिन लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेते केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, नितिन गडकरी। (नीचे) गजेंद्र सिंह शेखावत, कृष्णपाल गुर्जर, मनसुख मांडविया, सुरेश गोपी, चिराग पासवान जबकि अनुराग सिंह ठाकुर लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेते हुए । (छाया : यू.एन.आई)

# धर्मेंद्र प्रधान के शपथ में शेम–शेम के नारों से गूंजा सदन

## भाषाई विविधता की दिखीं झलक : सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू व पंजाबी में ली शपथ

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में भाजपा के वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर के पद की शपथ दिलाई।

सभी औपचारिकताओं के बाद अन्य सदस्यों को भर्तृहरि महताब ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। नीट परीक्षा में कथित अनियमितता के मुद्दे की गूंज सोमवार को लोकसभा में भी सुनाई दी जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के सदन की सदस्यता की शपथ ग्रहण करते समय विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी की। जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान लोकसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेने के लिए अपने स्थान से उठे तो विपक्षी दलों के कुछ सदस्य 'नीट-नीट' और 'शेम-शेम' के नारे लगाने लगे। विपक्षी दल नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने और शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण करते समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी सदस्य अपने स्थानों पर संविधान की प्रति



लेकर खड़े थे। लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने जब शपथ ली तो भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में सत्य और निष्ठा का प्रतिज्ञान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन सबसे पहले सदन के सदस्य के तौर पर हिंदी में शपथ ली। उनके शपथ लेने के



बाद सत्तापक्ष से कई सदस्यों ने 'जय श्रीराम' के नारे भी लगाए।

हिंदी में शपथ लेने वालों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल शामिल थे।ओडिशा के संबलपुर से सांसद और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उड़िया भाषा में शपथ ली। जब वह शपथ लेने के लिए उठे तो विपक्षी सदस्यों ने 'नीट-नीट' के नारे लगाए। नागर विमानन मंत्री तथा तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सदस्य राममोहन नायडू और भाजपा सांसद एवं कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने तेलुगू भाषा में, जनता दल सेक्यूलर नेता और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में, जुएल ओरांव ने उड़िया में, सी आर पाटिल ने गुजराती में और सर्वानंद सोनोवाल ने असमिया भाषा में शपथ ग्रहण की। महाराष्ट्र से लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव एवं राज्य मंत्रियों रक्षा खडसे तथा मुरलीधर मोहोल ने मराठी भाषा में शपथ ली। कर्नाटक से निचले सदन की सदस्य निर्वाचित हुईं शोभा करंदलाजे और वी सोमन्ना ने कन्नड़ में शपथ ग्रहण की। राज्य मंत्रियों चंद्रशेखर पेम्मासानी, बंडी संजय कुमार और भूपति राजू ने तेलुगू में शपथ ली। शांतनु ठाकुर और सुकांतो मजूमदार ने बांग्ला में तथा सुरेश गोपी ने मलयालम में शपथ ली।

गोवा से भाजपा के सदस्य तथा विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक और मध्य प्रदेश के बैतूल से सदस्य निर्वाचित हुए केंद्रीय आदिवासी कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। अन्य सभी मंत्रियों ने हिंदी भाषा में शपथ ली और किसी भी मंत्री ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण नहीं की। असम के धुबरी से कांग्रेस के रकीबुल हुसैन ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर असमिया भाषा में शपथ ली।

असम के दरांग उदालगुड़ी से भाजपा सदस्य दिलीप सैकिया ने संस्कृत में शपथ ली, वहीं राज्य के दिफू से भाजपा सदस्य अमर सिंह टिसो ने अंग्रेजी में शपथ ली।

### संविधान की प्रति हाथ में लेकर विपक्षी सांसदों ने ली शपथ

कांग्रेस के कुछ सांसदों ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर लोकसभा में संसद सदस्यता की शपथ ली। अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी ने हाथ में संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली। रकीबुल हुसैन जो कि असम की धुबरी से चुने गए हैं, उन्होंने भी लोकसभा सदस्य की शपथ लेते समय हाथ में संविधान की कॉपी पकड़ी हुई थी। इसी तरह झारखंड की लोहरदगा सीट से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने भी हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। कांग्रेस के कई अन्य सांसदों ने सोमवार को संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा, रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा शामिल रहे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं। यह हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है, हम ऐसा होने नहीं देंगे। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन के कई सांसदों ने सोमवार को संसद परिसर में संविधान की प्रति के साथ प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न दल शामिल रहे। इस दौरान कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य विपक्षी नेताओं ने 'संविधान की रक्षा हम करेंगे' व 'लोकतंत्र ज़िंदाबाद' के नारे लगाए। सदन का नेता होने के नाते सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शपथ दिलाई गई। प्रधानमंत्री के उपरांत कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश का नाम पुकारा गया।

# संसद सत्र के पहले दिन खुशी से झूम उठा विपक्ष

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हुआ। पहले दिन के कार्यवाही की शुरूआत सांसदों को शपथ दिलाने से हुई। संसद सत्र के पहले दिन ही आने वाले दिनों की झलक देखने को मिल गई। सपा सांसदों का नेतृत्व पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कर रहे थे। संसद भवन में अखिलेश



यादव के एक हाथ में संविधान की प्रति थी। कांग्रेस के अलावा सपा, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। उन्होंने 'संविधान की रक्षा हम करेंगे' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। दूसरे हाथ में उन्होंने फैजाबाद (अयोध्या) से जीते सांसद अवधेश प्रसाद का हाथ थाम रखा था। सदन के अंदर भी अखिलेश ने अवधेश प्रसाद को अपने साथ ही बैठाया। अखिलेश यादव और अवधेश प्रसाद के लिए यह कोई नई बात नहीं थी। उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य रहते हुए भी दोनों नेता एक साथ ही बैठते थे। संसद भवन की सीढियों पर अखिलेश यादव की मुलाकात कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से हो गई। वेणुगोपाल उनके कान में कुछ कहते हुए नजर आए। इस दौरान अखिलेश की पत्नी और मैनपुरी से सांसद चुनी गईं डिंपल यादव दोनों नेताओं को निहारते हुए नजर आईं। संसद की सीढ़ियों पर अवधेश प्रसाद ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। सपा के सभी सांसद लाल रंग की टोपी और लाल रंग का गमछा लगाए हुए नजर आए। सपा की महिला सांसदों ने गमछा तो पहना था लेकिन लाल टोपी नहीं लगाई थी।

# पीएम 'मनोवैज्ञानिक रूप से बैकफुट पर', सरकार बचाने में व्यस्तः राहुल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह 'मनोवैज्ञानिक रूप से बैकफुट पर हैं' तथा अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान पर हमला स्वीकार नहीं किया जाएगा।



राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राजग के पहले 15 दिन: भीषण ट्रेन दुर्घटना, कश्मीर में आतंकवादी हमले, ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा, नीट घोटाला, नीट-पीजी निरस्त, यूजीसी-नेट का पेपर लीक, दूध, दाल, गैस, टोल और महंगे, आग से धधकते जंगल, जल संकट और लू के कारण मौतें। मनोवैज्ञानिक रूप से बैकफुट पर नरेन्द्र मोदी बस अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं।'' उन्होंने कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी और उनकी सरकार का संविधान पर आक्रमण हमें लिए स्वीकार्य नहीं है और ये हम किसी हाल में होने नहीं देंगे।

'इंडिया' गठबंधन का मज़बूत विपक्ष अपना दबाव जारी रखेगा, लोगों की आवाज़ उठाएगा और प्रधानमंत्री को बिना जवाबदेही बच कर निकलने नहीं देगा।''इससे पहले उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर रहे हैं। हम संविधान पर यह हमला नहीं होने देंगे।''उनका यह भी कहना था, ''यह हमला हमें स्वीकार्य नहीं है।''

### नीट को खत्म कर पुरानी परीक्षा व्यवस्था की जाए लागू : ममता

**कोलकाता** :पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख आग्रह किया कि 'पेपर लीक'' विवाद को देखते हुए नीट को खत्म करने और राज्यों द्वारा परीक्षा आयोजित करने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में बनर्जी ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की। कहा, मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप इस पर विचार करें और राज्य सरकारों द्वारा इस परीक्षा को आयोजित करने की पुरानी प्रणाली को बहाल करने तथा नीट को खत्म करने के लिए तत्काल कदम उठाएं।



# 18वीं लोकसभा में गूंजेगी महिलाओं की 'दहाड़'

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** देश की 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज यानी सोमवार से शुरू हो चुका है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने सोमवार को 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के शुरू होने पर कुछ विपक्षी महिला लोकसभा सांसदों के साथ 2019 बनाम 2024 की तस्वीरें पोस्ट कीं। 2019 की पुरानी तस्वीर में सांसद



मोइत्रा, कनिमोझी, सुप्रिया सुले, जोथिमनी और थमिझाची थंगापांडियन संसद के निचले सदन में एक बेंच पर बैठे हुए हैं, जबकि 2024 की तस्वीर में नई लोकसभा सांसद डिंपल यादव भी हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट की गई तस्वीर के साथ मोइत्रा ने कैप्शन में लिखा, "योद्धा वापस आ गए हैं।" बता दें कि मोइत्रा पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जबकि कनिमोझी तमिलनाडु की थूथुकुडी सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं। अन्य सांसद - सुप्रिया सुले, जोथिमनी, थमिझाची थंगापांडियन और डिंपल यादव क्रमश: महाराष्ट्र के बारामती निर्वाचन क्षेत्र, तमिलनाडु की करूर सीट, चेन्नई दक्षिण सीट और उत्तर प्रदेश की मैनपुरी सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं।

लोकसभा चुनाव में कुल 74 महिलाओं ने जीत दर्ज की है, जो 2019 में निर्वाचित 78 से थोड़ी कम है। निचले सदन में निर्वाचित कुल महिला सांसदों में से पश्चिम बंगाल 11 महिला सांसदों के साथ सबसे आगे है। दूसरी ओर, विपक्ष ने भाजपा नेता भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर के रूप में नियुक्त करने, नीट-यूजी 2024 नीट यूजी-2024 परीक्षा में कथित अनियमितताओं और संसद भवन परिसर के भीतर प्रतिमाओं के स्थानांतरण सहित कई मुद्दों पर हंगामा किया।

# गिरिराज सिंह ने धुर विरोधी सांसद को लगाया गले



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की आज से शुरुआत हो गई है। लेकिन संसद की कार्यवाही जब कुछ देर के लिए रुकी तो सभी सांसद बाहर आ गए।

इस दौरान संसद परिसर की सीढ़ियों पर कांग्रेस और भाजपा के धुर विरोधी सांसद गले मिलते देखे। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और के सुरेश आपस में बातचीत कर रहे थे, तभी भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पीछे से आए और वेणुगोपाल से गले मिल गए।

**सर्वे का खुलासा** | जी–20 के वित्तमंत्री सुपर–रिच पर वेल्थ टैक्स लगाने पर मंथन करेंगे

# भारत में 74% लोग वेल्थ टैक्स के पक्ष में

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान वेल्थ टैक्स एक बड़ा मुद्दा बना था। प्रधानमंत्री मोदी अपनी चुनावी सभाओं में इस मुद्दे को खूब उछाल रहे थे। अब जी-20 के वित्त मंत्री अगले महीने दुनिया के बेहद अमीर (सुपर-रिच) लोगों पर संपदा कर (वेल्थ टैक्स) लगाने को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। वहीं एक सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इन देशों के 68 प्रतिशत लोग अमीरों पर इस तरह का कर लगाने के पक्ष में हैं। भारत में तो यह आंकड़ा और अधिक यानी 74 प्रतिशत है। इन लोगों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर भुखमरी, असमानता और जलवायु संकट से निपटने के लिए इस तरह का कर लगाया जाना चाहिए।

'अर्थ4ऑल इनिशिएटिव एंड ग्लोबल कॉमन्स अलायंस' के इस सर्वेक्षण में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के 22,000 लोगों की राय ली गई। 'सुपर-रिच' पर कर लगाने का प्रस्ताव 2013 से लगातार चर्चा में है और पिछले कुछ




वर्षों में इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समर्थन बढ़ रहा है। जी-20 के मौजूदा अध्यक्ष ब्राज़ील का लक्ष्य अमीरों पर कराधान को लेकर आम सहमति बनाना है। जुलाई में जी-20 के वित्त मंत्रियों की बैठक में इस बारे में एक संयुक्त घोषणा पर जोर दिए जाने की संभावना है। फ्रांसीसी अर्थशास्त्री गैब्रियल जुकमैन मंगलवार को इस बारे में एक रिपोर्ट पेश करेंगे कि कैसे बेहद अमीर लोगों पर वैश्विक स्तर पर न्यूनतम कर काम करेगा और इसे कितना बढ़ाया जा सकता है। ब्राजील के जी-20 में इस कर के प्रस्ताव के पीछे जुकमैन का ही दिमाग है। जुकमैन का कहना है कि आम लोगों की तुलना में बेहद अमीर लोग काफी कम कर देते हैं। प्रस्ताव का उद्देश्य एक नया अंतरराष्ट्रीय मानदंड स्थापित करना है। प्रत्येक देश के अरबपति व्यक्ति को इस प्रस्ताव के तहत अपनी संपदा का दो प्रतिशत सालाना कर के रूप में देना होगा।

# पटनायक बोले- राज्यसभा में भाजपा को अब कोई समर्थन नहीं

**भुवनेश्वर,** (पंजाब केसरी): बीजू जनता दल के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को अपनी पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के आगामी सत्र के दौरान एक 'जीवंत और मजबूत' विपक्ष की भूमिका निभाने का आह्वान किया।



बैठक में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने को भी कहा। इस बार बीजद सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक ही सीमित नहीं रहेंगे, अगर केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ओडिशा के हितों की अनदेखी करती है तो वे आंदोलन करने के लिए दृढ़ हैं।

# नड्डा ने जहरीली शराब हादसे पर खड़गे को लिखा पत्र

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर तमिलनाडु में हाल ही में हुए जहरीली शराब हादसे पर उनकी पार्टी की 'उदासीन चुप्पी' पर सवाल उठाया। नड्डा ने खरगे को लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु जहरीली शराब त्रासदी पूरी तरह से मानव जनित आपदा है और अगर द्रमुक के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन की सरकार और अवैध शराब माफियाओं के बीच सांठगांठ नहीं होती तो शायद 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। नड्डा ने कहा कि तमिलनाडु में जहरीली शराब त्रासदी के बाद कल्लाकुरिची के करुणापुरम गांव में जलती चिताओं की भयावह तस्वीरों ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।



उन्होंने कहा, खड़गे जी, जैसा कि आप जानते हैं कि करुणापुरम में अनुसूचित जाति की आबादी काफी अधिक है, जो तमिलनाडु में गरीबी और भेदभाव के कारण कई चुनौतियों का सामना करते हैं। मैं हैरान हूं कि जब इतनी बड़ी आपदा आई है तो आपके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने इस पर चुप्पी साध रखी है। कुछ मुद्दों पर हमें पार्टी लाइन से ऊपर उठने की आवश्यकता है और एससी, एसटी समुदाय का कल्याण और सुरक्षा भी एक ऐसा ही मुद्दा है।

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New







# 28 लाख लोगों के लिए मेरा अनशनः आतिशी

1

**लोगों को उनके हक का पानी दिलवाने के लिए आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन चौथे दिन भी जारी**

2

**जल मंत्री का दिल्लीवालों के लिए संदेश-मेरा स्वास्थ्य कितना भी बिगड़ जाए, लेकिन मैं उन्हें उनके हक का पानी दिलाकर रहूंगी**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : मेरा स्वास्थ्य चाहे कितना भी खराब हो, मेरे शरीर को चाहे कितना भी कष्ट हो लेकिन अनशन करने का मेरा संकल्प दृढ़ है। मेरा स्वास्थ्य कितना भी बिगड़ जाए लेकिन मैं दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाकर रहूंगी और जब तक हरियाणा सरकार 28 लाख दिल्लीवालों का पानी नहीं देती तबतक अनशन जारी रहेगा। अनशन के चौथे दिन दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने जनता के नाम यह संदेश दिया।



जल सत्याग्रह में मंत्री आतिशी के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर।

जल मंत्री ने कहा कि मैं इस अनशन पर इसलिए बैठी हूं क्योंकि दिल्ली में पानी की बहुत कमी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपना पानी नहीं है, यहां सारा पानी पड़ोसी राज्यों से आता है, लेकिन पिछले 3 हफ्ते से हरियाणा ने दिल्ली को पानी भेजना कम कर दिया है। हरियाणा सरकार पिछले 3 हफ्ते से दिल्ली को 100 एमजीडी कम पानी दे रही है। आतिशी ने कहा कि, 100 एमजीडी पानी का मतलब 46 करोड़ लीटर पानी हुआ। ये 46 करोड़ लीटर पानी एक दिन में 28 लाख लोगों के काम आता है। उन्होंने कहा कि लेकिन पर्याप्त पानी न मिलने से, आज 28 लाख दिल्ली वाले बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे है।

आतिशी ने बताया कि डॉक्टरों ने रूटिन चेकअप के बाद सलाह दी है कि मेरा ब्लड प्रेशर कम हो रहा है, शुगर लेवल कम हो रहा है, वजन कम हो रहा है। साथ ही कीटोन का स्तर भी काफ़ी बढ़ गया है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि, कीटोन लेवल का इतना बढ़ना ख़तरनाक है और इससे शरीर पर लंबे समय तक बुरा असर पड़ सकता है। स्वास्थ्य को खराब कर सकता है। आतिशी ने कहा कि, 'मेरा स्वास्थ्य चाहे कितना भी खराब हो, मेरे शरीर को चाहे कितना भी कष्ट हो लेकिन अनशन करने का मेरा संकल्प दृढ़ है और जब तक 28 लाख दिल्लीवालों को पानी नहीं मिलता है, तब तक मेरा ये अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा।"

# अपने ही बुने जाल में फंस गई है आप सरकार : सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी अपने ही बुने अनिश्चितकालीन सत्याग्रह के जाल में फंस गई है और अब एसी सत्याग्रह स्थल पर हुई मंत्री की बैठक से साफ है की अब ये लोग अनिश्चितकालीन सत्याग्रह को खत्म करने के बहाने तलाश रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि सोमवार को मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक नई कहानी सुनाई है कि 1050 एमजीडी पानी तो सिर्फ 1 करोड़ लोगों के लिए है, जबकि दिल्ली की आबादी 3 करोड़ है। दिल्ली की जनता सौरभ भारद्वाज से पूछना चाहती है कि इतने दिन से उनकी सरकार किस आधार पर कह रही थी कि दिल्ली में केवल 100 एमजीडी की समस्या है और केवल 28 लाख लोग ही परेशान हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में यमुना नदी से सीधा नहीं, बल्कि कैनाल से पानी आता है, जो नियमित पानी आ रहा है। जहां तक वजीराबाद में यमुना में पानी न रुकने का सवाल है तो उसका मूल कारण है की यमुना गाद से भरी हुई है, वजीराबाद के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के तालाब में भी 95 फीसद गाद है जिस कारण वहां पानी रुकता नहीं और आगे बह जाता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्री अतिरिक्त जल के लिए सब जगह जाएंगे, मगर पंजाब सरकार एवं यमुना रिवर बोर्ड नहीं जाएंगे क्योंकि वहां जाते ही इनके झूठे दावों की पोल खुल जाएगी।





## आतिशी ने दायित्व ईमानदारी से निभाया होता तो अनशन नहीं करना पड़ताः भाजपा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष योगिता सिंह एवं प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि यदि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने जनवरी- फरवरी में ही गर्मियों के लिए दिल्ली की जल आवशयकता का आकलन एवं उसके आधार पर यमुना रिवर बोर्ड में अपनी बात रखी होती, दिल्ली में पाइप लाइन लीकेज रोकी होती एवं प्राइवेट जल माफिया को मुनक नहर से जल लूटने से रोका होता तो दिल्ली वाले आज जल समस्या नहीं झेल रहे होते और उन्हे मुंह छिपाने के लिए नौटंकी का सत्याग्रह न करना पड़ता। भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि आतिशी ने जल मंत्री के नाते अपना दायित्व ईमानदारी से निभाया होता तो आज उन्हें फाइव स्टार अनशन नहीं करना पड़ता। भाजपा नेताओं ने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी स्वास्थ्य परिस्थिती होती है, मगर हमारे देश में हजारों-हजार ऐसे लोग हैं, जो नवरात्र में नौ दिन केवल जल पर रहकर अपना नियमित कामकाज करते हुए उपवास रखते हैं, मगर आश्चर्यजनक है कि आतिशी सत्याग्रह शुरू करने के मात्र 2 घंटे बाद से ही सेहत खराब होने की बातें करने लगीं। यदि आतिशी को एक-दो दिन के उपवास का अभ्यास नहीं था तो उन्हें यह नहीं करना चाहिए था, वैसे भी वह तो एयर कंडीशन सत्याग्रह कर रही हैं जिससे दिल्ली वालों का कोई जुड़ाव नहीं है तो वह सत्याग्रह जारी रखें या नहीं उससे जनता को कोई मतलब नहीं है।

# पानी संकट के बाद दिल्ली अब जल भराव झेलने को रहे तैयार : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि इस वर्ष जहां रिकॉड तोड़ गर्मी में दिल्ली की पानी के लिए हाहाकार कर रही है वहीं मानसून के आगमन से पूर्व लोग एक बार फिर सड़कों, नालों, नालियों में जल भराव के भयावह परिस्थिति से घबराए हुए है जबकि दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, बाढ़ विभाग और डीडीए सड़कों व नालों से 82 प्रतिशत गाद निकालने का दावा कर रहे है परंतु वहां से निकाली गई गाद हटाई नहीं गई है, जो बारिश होने के बाद फिर से नालों जाकर जल भराव का मुख्य कारण बनेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार और अन्य संबंधित एजेंसियों ने पिछले साल की आई बाढ़ से कोई सबक नहीं सीखा है, जब राजधानी के कई इलाको जैसे आईटीओ, सुप्रीम कोर्ट, सिविल लाइन्स, गांधी स्मृति, यमुना नदी के किनारे जेजे क्लस्टर में बाढ़ का पानी भर गया था, नालियां, नालों, सड़कों में गाद जमा होने सहित आईटीओ बैराज तक साफ नहीं करने के कारण जाम हो गया था।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि चाहे वह पीने योग्य पानी की कमी हो, गर्मियों में बार-बार बिजली कटौती, भीषण गर्मी से मरते लोग हो या शहर में जल भराव हो, केजरीवाल सरकार किसी भी दोष से खुद अपने को मुक्त करने के लिए स्थायी समाधान खोजने का प्रयास करने के बावजूद सफल नही हो रही है। उन्होंने कहा कि चिंताजनक कि केजरीवाल सरकार राजधानी में बारिश होने से पहले मानसून का सामना करने के लिए समय पर तैयारी पूरी नहीं कर पाई है जबकि चौंकाने वाली बात है कि जलभराव वाले हॉटस्पॉट की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि 2020 में 136 जलभराव के हॉटस्पॉट 2023 में बढ़कर 200, हो गए है जो प्रत्येक वर्ष मानसून की तैयारियों के दिल्ली सरकार के खोखले दावों को उजागर करते है।

**खास बातें...**



- सत्याग्रह और कैंडल मार्च जैसे हथकंड़े छोड़ जल संकट का समाधान निकाले सरकार : यादव

# अनिश्चितकालीन सत्याग्रह में जल मंत्री आतिशी का स्वास्थ्य बिगड़ा

**बीपी और शुगर लेवल में कमी आने से वजन भी 2.2 किग्रा हुआ कम**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली को उसके हक का पानी दिलाने के लिए वार दिन से भोगल में अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह पर बैठी जल मंत्री आतिशी का स्वास्थ्य बिगडने लगा है। सोमवार को बीपी और शुगर लेवल में कमी आने के साथ ही उनका वजन भी 2.2 किलोग्राम कम हुआ है। शुगर लेवल में 28 यूनिट की गिरावट आई है। सोमवार को उनका शुगर लेवल घटकर 71 पर पहुंच गया।

वहीं, रक्तचाप घटकर 110/ 70 एमएमएचजी पर पहुंच गया। यूरिन कीटोन का स्तर भी बढ़कर 1.5 पहुंच गया है। अनशन के चौथे दिन सोमवार को एलएनजेपी के डॉक्टरों ने आतिशी के स्वास्थ्य की जांच की। उनके स्वास्थ्य में भारी गिरावट को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है, लेकिन उन्होंने डॉक्टरों की सलाह को दरकिनार कर अस्पताल में भर्ती होने से इंकार कर दिया। उनका कहना है कि मेरी जान से ज्यादा दिल्ली की जनता को पानी दिलाना जरूरी है। जब तक दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता, उनका अनशन जारी रहेगा। डॉक्टरों के मुताबिक जलमंत्री आतिशी का वजन अप्रत्याशित रूप से कम हो रहा है। अनशन पर बैठने से पूर्व उनका वजन 65.8 किलोग्राम था और अब उनका वजन 63.6 किलोग्राम रह गया है। डॉक्टरों का कहना है कि कीटोन का स्तर इस तरह बढ़ना उनकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।

# दिल्ली के मंत्रियों ने पीएम को लिखा पत्र जल संकट के समाधान का किया आग्रह

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी को पत्र लिखकर दिल्ली में जल संकट को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आग्रह किया है। इस बात की जानकारी कैबिनेट मंत्रियों ने अपनी सहयोगी मंत्री आतिशी के अनशन स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और सौरभ भारद्वाज शामिल रहे। मंत्री गोपाल राय ने इस मौके पर कहा कि आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन चौथे दिन में प्रवेश कर गया है और उनकी तबीयत बिगड़ रही है। मंत्रियों ने जंगपुरा के भोगल में अनशन स्थल पर एक बैठक की, जहां उन्होंने इस मुद्दे के समाधान की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखने का फैसला किया।



गोपाल राय ने कहा कि हम दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और सभी अधिकारियों को वजीराबाद, बवाना में फ्लो मीटर की रीडिंग देखने और वहां नदी के जल स्तर को देखने के लिए आमंत्रित करते हैं। हरियाणा द्वारा छोड़े गए पानी का डेटा उपलब्ध है और वे खुद देख सकते हैं कि पानी कैसे कम हुआ है। इस बात पर जोर देते हुए कि दिल्ली को पानी का उचित हिस्सा मिलना चाहिए। राय ने कहा कि देश में नदियों के जल का बंटवारा कर यह तय किया गया कि किस राज्य को कितना पानी मिलेगा। 30 साल पहले जब दिल्ली के लिए प्रतिदिन 1005 एमजीडी पानी निर्धारित किया गया था, तब दिल्ली की आबादी लगभग 1 करोड़ थी। लेकिन 30 साल बाद आज दिल्ली की आबादी 3 करोड़ हो गई है, फिर भी दिल्ली को उतना ही पानी दिया जाता है। इस भीषण गर्मी में जब पानी की मांग और बढ़ी, तो हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली के 1005 एमजीडी पानी में से भी 100 एमजीडी पानी रोक दिया।

# 'आप" ने निकाला कैंडल मार्च, अनशन को टीएमसी का भी मिला समर्थन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने को लेकर पानी सत्याग्रह पर बैठी जलमंत्री के समर्थन में सोमवार की शाम आम आदमी पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने कैंडल मार्च निकाला। दिल्ली पुलिस ने कैंडल मार्च को रास्ते में ही रोक दिया और पार्टी के नेता वहीं पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान समर्थकों ने दिल्ली के हक का पानी दो, आतिशी तुम संघर्ष करो-हम तुम्हारे साथ हैं, समेत जमकर कई नारे लगाए।



वहीं, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की महिला सांसद महुआ मोइत्रा, सागरिका घोष और प्रतिभा मंडल भी अनशन स्थल पर पहुंची और सत्याग्रह का समर्थन किया। इसके अलावा, पंजाब से 'आप" के सांसद डॉ. राजकुमार ने प्रदेश ईकाई की तरफ से अपना समर्थन दिया। मंगलवार से जल मंत्री आतिशी के साथ 'आप" के पांच विधायक भी क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। इसके बाद भी दिल्ली को अपने हक का पानी नहीं मिला तो दिल्ली की जनता भी अनशन में शामिल होगी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के साथ पिछले 30 साल से अन्याय हो रहा है। 1994 में दिल्ली के लिए जितना पानी निर्धारित हुआ था, आज तीन गुना जनसंख्या बढ़ने के बाद भी दिल्ली को उतना ही पानी मिलता है।

**ये इंतजार कब होगा खत्म...**




आदर्श नगर इलाके के महिंद्रा पार्क में जल संकट की परेशानी के चलते पानी के इंतजार में बैठी बुजुर्ग महिला। -**फोटो दयाशंकर**

**कई क्षेत्रों में हो रही है गंदे बदबूदार पानी की सप्लाई, गंदे पानी से लोग हो रहे बीमार...**

# बवाना विधानसभा में जल संकट से जूझ रहे हैं लोग

**ववीता चौहान**

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बवाना विधानसभा के बेगमपुर वार्ड नंबर-27 के अंतर्गत आने वाली कॉलोनियों में दो महीने से लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे है। राजीव नगर एक्सटेंशन, राजीव नगर, नवीन विहार, बेगम विहार, रजनी विहार, कात्यानी विहार उपरोक्त कॉलोनियों में विगत दो महीने से पानी की सप्लाई नहीं आ रही है, जिसके कारण क्षेत्रवासी खरीद कर पानी पीने को मजबूर हैं या फिर दूर-दूर जाकर पानी भरके लाते है। वही जिन क्षेत्रों में पानी की सप्लाई हो रही है, वहां या तो गंदा पानी आ रहा है या फिर बेहद ही बदबूदार हैं जोकि पीने लायक नहीं है।

सदैव जन विकास, जन कल्याण रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है यहां रहने वाले परिवार ऐसा गंदा पानी पीने को मजबूर है जिसके कारण लोग बीमार पड़ रहे है जहां कही पानी की सप्लाई टैंकर के माध्यम से हो रही है तो वहां लोगों में पेयजल वितरण को लेकर आपस में कहासुनी की घटना घट रही है फलस्वरूप क्षेत्रवासियों को बहुत परेशानी हो रही है, जिसके चलते क्षेत्रवासियो में बहुत रोष है।

पंजाब केसरी बात आरडब्ल्यूए की पंजाब केसरी





इस संदर्भ में संबंधित जेई से संपर्क करते है तो न तो वो फोन उठा रहे हैं और न ही ऑफिस में मिलते है। ऐसे में अधिकारी लोगों की समस्या की अनदेखी कर रहे है। -**उमेश विश्वकर्मा,** अध्यक्ष आरडब्ल्यूए



इलाके में पानी इतना गंदा आता है जिसे पीना तो दूर की बात है उसे घरेलू इस्तेमाल में भी नहीं लिया जा सकता है लेकिन संबंधित विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। -**सचिन,** सचिव आरडब्ल्यूए

# सीएम को मिली जमानत का ईडी ने किया विरोध

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कथित दिल्ली शराब घोटाले के मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत के मामले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली हाईकोर्ट में 29 पेज का लिखित जवाब दाखिल किया है। ईडी ने शराब घोटाले में केजरीवाल को जमानत देने का विरोध किया है। ईडी ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा है कि निचली अदालत द्वारा केजरीवाल को दी गई जमानत गैर कानूनी है। ईडी ने अपने जवाब में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने पेश किए गए सबूतों और तथ्यों को दरकिनार करते हुए फैसला दिया। निचली अदालत ने 2023 के बाद केजरीवाल के खिलाफ मिले सबूतों पर गौर नहीं किया। ईडी ने हाईकोर्ट को बताया कि ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित आदेश पर रोक लगाई जानी चाहिए और उसे रद्द किया जाना चाहिए, क्योंकि न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष द्वारा रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री की जांच नहीं करने के बाद तथ्यों और कानून दोनों के आधार पर अपने आदेश के लगभग हर पैराग्राफ में विपरीत निष्कर्ष दिए हैं। ईडी ने आगे कहा कि 2023 के बाद अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एकत्र की गई नई सामग्री पर अवकाश न्यायाधीश ने विचार नहीं किया। वहीं इस मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की तरफ से दाखिल किए गए जवाब में कहा गया है कि गोवा चुनाव में पैसे खर्च किए जाने के बारे में ईडी के पास एक भी सबूत नहीं है। केजरीवाल की तरफ से कहा गया है कि ईडी के पास उन के खिलाफ कोई सबूत नहीं है, उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है।



**3178 कर्मचारियों को एमएसीपी के तहत मिलेगी पदोन्नति व वित्तीय लाभ**

# एनडीएमसी कर्मचारियों को केंद्र का तोहफा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केन्द्र की मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा मिलने वाला है। राजनिवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एनडीएमसी को 15 दिनों के भीतर 3178 कर्मचारियों की पदोन्नति (एमएसीपी के तहत) से संबंधित लंबित मामलों को हल करने का सख्त निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि एलजी ने हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिनों के एजेंडे के मद्देनजर एनडीएमसी में कर्मियों और सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एनडीएमसी में 7वें वेतन आयोग के तहत वेतन निर्धारण के 5561 लंबित मामलों का भी समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने एनडीएमसी के अध्यक्ष से कर्मचारियों से संबंधित अन्य सभी सेवाओं के मामलों को जल्द से जल्द हल करने को भी कहा है, जिसमें लंबित भर्ती नियम (आरआर), पेंशन और एलटीसी आदि शामिल हैं। इस कदम से एनडीएमसी में काम करने वाले ग्रुप 'सी' और ग्रुप 'बी' के हजारों कर्मचारियों को सबसे अधिक लाभ होगा।



अधिकारियों ने बताया कि वर्षों से सेवारत कर्मचारियों के लिए स्वतः पदोन्नति सुनिश्चित करने वाले एमएसीपी के कम से कम 3178 मामले अब तक लंबित हैं। एलजी का पदभार संभालने के बाद से ही वीके सक्सेना सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति, समय पर पेंशन और बेहतर सेवा शर्तों पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने पदोन्नति नीति का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल ने कहा कि समय पर पदोन्नति और बेहतर सेवा शर्तों से न केवल कर्मचारियों का मनोबल और उनकी दक्षता बढ़ेगी बल्कि उन्हें लंबे समय तक एक ही पद हर रहने की वजह से आए ठहराव से उबरने में भी मदद मिलेगी। इसी तरह सक्सेना ने एनडीएमसी के अध्यक्ष को एनडीएमसी की विभिन्न डिवीजन में सेवा संबंधी सभी 9569 लंबित मामलों को अगले 100 दिनों के भीतर निपटाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि एनडीएमसी के जिन विभागों/प्रभागों में इस तरह के मामले लंबित हैं, उनमें सेक्रेटरी स्टेबलिशमेंट, इलेक्ट्रिकल स्टेबलिशमेंट, हेल्थ स्टेबलिशमेंट, एएंडएच स्टेबलिशमेंट व कार्मिश स्टेबलिशमेंट शामिल हैं।

# एलजी ने गैरकानूनी तरीके से रिज एरिया में कटवाए 1100 बड़े पेड़ : भारद्वाज

**रिज एरिया में एक पेड़ काटने के लिए भी ली जाती है सुप्रीम कोर्ट की अनुमति**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया है कि उन्होंने गैरकानूनी तरीके से आदेश देकर 1100 बड़े पेड़ों को कटवाया है। सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एक एनजीओ को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने छानबीन करना शुरू की। एनजीओ की छानबीन से डीडीए में घबराहट पैदा हुई और आनन-फानन में पेड़ काटने के बाद मार्च के महीने में डीडीए सुप्रीम कोर्ट इन पेड़ों की कटाई की परमिशन लेने पहुंची। उन्होंने बताया कि 4 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए द्वारा इन पेड़ों की कटाई के लिए जो एप्लीकेशन डाली थी उसे रिजेक्ट कर दिया। भारद्वाज ने कहा कि दो एनजीओ कपूरिया और न्यू दिल्ली नेचर सोसाइटी जो की इन पेड़ों की कटाई के मामले में छानबीन कर रही थी, यह दोनों एनजीओ मई के महीने में सुप्रीम कोर्ट पहुंची और इन्होंने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि डीडीए जिन पेड़ों को काटने की परमिशन मार्च में मांग रही थी, वह पेड़ फरवरी में ही काट दिए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात से बेहद नाराज होते हुए डीडीए को फटकार लगाते हुए कहा कि आपने कोर्ट के समक्ष झूठा हलफनामा प्रस्तुत किया, जबकि आप पेड़ पहले ही काट चुके हो, आपकी किसी बात का विश्वास नहीं किया जा सकता और सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने डीडीए के उपाध्यक्ष पांडा के ऊपर आपराधिक अवमानना का मामला लगा दिया।



## एलजी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भारद्वाज ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि राष्ट्रपति को और राज्यपाल को संविधान में छूट इसलिए दी गई है, यह जो 1100 पेड़ बिना सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के उपराज्यपाल के निर्देश पर काटे गए हैं, इसके लिए उपराज्यपाल पर मुकदमा होना चाहिए ।

## इतिहास के झरोखे से...

### 25 जून को इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति ने आपातकाल की घोषणा की थी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : इतिहास में 25 जून का दिन भारत के लिहाज से एक महत्वपूर्ण घटना का गवाह रहा है। आज ही के दिन 1975 में देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की गई जिसने कई ऐतिहासिक घटनाओं को जन्म दिया। 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक की 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल लगा था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की सिफारिश पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अधीन देश में आपातकाल की घोषणा की थी। 1529 में मुगल शासक बाबर बंगाल पर विजय प्राप्त कर अपनी राजधानी आगरा लौटा। 1788 में वर्जीनिया अमेरिका का संविधान अपनाने वाला 10वां राज्य बना। 1941 में फिनलैंड ने सोवियत संघ पर हमले की घोषणा की। 1947 में एन फ्रैंक की 'डायरी ऑफ ए यंग गर्ल'' आज ही के दिन प्रकाशित हुई थी। इसकी करोड़ों प्रतियां बिकीं और इसका 67 भाषाओं में अनुवाद किया गया। 1950 में उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच गृह युद्ध शुरू हो गया जिसने आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय शीत युद्ध का रूप ले लिया। 2009 में पाश्चात्य संगीत और नृत्य की एक नई परिभाषा लिखने वाले और दुनियाभर में करोड़ों के चहेते माइकल जैक्सन की मृत्यु।



## संक्षिप्त समाचार...

### स्वदेशी जागरण मंच का वात्सल्य सेवा सदन संपन्न




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): स्वदेशी जागरण मंच दिल्ली प्रांत का प्रांत विचार वर्ग रविवार वात्सल्य सेवा सदन रोहिणी में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में संघ के प्रांत सह कार्यावहा उत्तम मुख्य वक्ता के रूप में व मुख्य अतिथि विधायक विजेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उत्तम ने वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं को भगवान हनुमान जी के जैसा कार्यकर्ता बनने के लिए प्रोत्साहित किया।विचार वर्ग में स्वदेशी के राष्ट्रीय संगठन कश्मीरी लाल, राष्ट्रीय सहसंयोजक डॉ अश्विनी महाजन, डॉ राजकुमार मित्तल, स्वदेशी के राष्ट्रीय सह व्यवस्था प्रमुख दीपक शर्मा प्रदीप इन सभी ने विभिन्न सत्रों माध्यम से कार्यकर्ताओं को कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया। स्वदेशी के प्रान्त संयोजक विकास चौधरी ने दिल्ली में आयोजित हुए पिछले वर्षों के कार्यक्रमों का विवरण दिया। वह आगामी योजना के निमित्त कुछ नई नियुक्ति भी उनके माध्यम से हुई कार्यशाला में ब्रांच संयोजक सत्यवान गर्ग डॉ सुनीता दहिया, डॉ मंजीत सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बच्चों ने बेमिसाल प्यार व सत्कार दिया : करमसर




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर ने कहा कि कमेटी द्वारा लगाये गये गुरमत कैंप 2024 की सफलता के लिए संगत बधाई के पात्र हैं। इन कैंप में बच्चों द्वारा उन्हें बेमिसाल प्यार व सत्कार दिया गया है। करमसर ने बताया कि गुरमत कैंप की समाप्ती पर बच्चों ने बहुत आकर्षक और सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाकर अपना प्यार और सत्कार प्रक्ट किया है। उन्होंने बताया कि इन कार्डों पर 'गुरबाणी पढ़ें, गुरबाणी विचारें, आओ हम सिक्खी को संवारे, धन्यवाद आपका जिन्होंने हमें इस तरफ लगाया, मातृ बोली पंजाबी हमारी, गुड़ से भी मीठी डाढी, इसमें मां ने लोरियां गाई, नानी-दादी ने घोड़ियां गाई, अमृत जैसी सुच्ची है, सबसे ऊंची है पंजाबी बजुर्गों की दुआ जैसी, पंजाबी निरी खुदा जैसी 'आदि सलोग्न लिखकर दिल्ली कमेटी का आभार जताया है। करमसर ने कहा कि कुछ बच्चों ने प्यार व सत्कार की भावना से उन्हें चॉकलेट और टॉफियों के गिफ्ट पैक भी बनाकर दिये और प्रबंधकों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह गुरमत कैंप लगाना समय की बहुत बड़ी जरूरत है। दिल्ली में गली-गली में नगर कीर्तन निकलते हैं और दीवान सजाये जाते हैं जहाँ बच्चे गुरमत जीवन जाच के साथ जुड़ना सीखते हैं परन्तु मंदभागा है कि पंजाब में सिक्खी का यह प्रचार नहीं हो रहा जिस कारण ईसाई धर्म का प्रचार अधिक हो रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब में भी धर्म प्रचार की मुहिम को तेज करने की आवश्यकता है।

### आईपी विवि : दूसरे राउंड के दाखिले के लिए विकल्प

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आईपी यूनिवर्सिटी के पांच प्रोग्राम के दूसरे राउंड में दाख़िले के लिए विकल्प चयन का अवसर 1 जुलाई से 3 जुलाई तक उपलब्ध रहेगा। जिन प्रोग्राम में विकल्प हैं उनमें एलएलएम (नियमित), बीए (जेएमसी), बी-कॉम (ऑनर्स), बीए (अंग्रेज़ी) ऑनर्स और बीए (अर्थशास्त्र) ऑनर्स शामिल हैं। जिन आवेदकों ने इन प्रोग्राम के लिए पंजीकरण कर रखा है वे 1 जुलाई से 3 जुलाई तक विकल्प चयन कर सकते हैं। इस दौर की काउन्सलिंग के लिए प्रवेश पंजीकरण संभव नहीं है। विकल्प चयन ऑनलाइन काउन्सलिंग प्रक्रिया का एक हिस्सा है। 4 या 5 जुलाई को इन प्रोग्राम में दाख़िले के लिए ऑनलाइन आयोजित द्वितीय चरण की काउन्सलिंग का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। सीट आवंटित होने पर 8 जुलाई तक पार्ट अकादमिक फ़ी जमा करानी है। आवंटित सीट पसंद नहीं आने पर 10 जुलाई तक सीट आवंटन निरस्त कराया जा सकता है।

## मानसून के आगमन के पहले बारिश होने से मौसम हुआ सुहाना

# दिल्ली में बारिश का आज यलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली समेत देशभर में मौसम का मिजाज बदल गया है। मानसून के आगमन के पहले ही बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया है। सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ आंधी चली, इसके साथ ही कई इलाकों में हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। हालांकि, उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। मौसम की मेहरबानी इस पूरे सप्ताह तक जारी रहेगी। अच्छी बात यह है कि अब इन इलाकों में हीट वेब चलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी राजधानी में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस से अधिक 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान में भी चार डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक बारिश मयूर विहार में 13 एमएम दर्ज की गई है। जबकि, पालम में 6.9, आया नगर में 1.5, रिज में 0.8, पीतमपुरा व पूसा में 0.5 एमएम बारिश दर्ज हुई है। हालांकि दिल्ली के तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है, लेकिन लू की स्थिति की उम्मीद नहीं है और हल्की आंधी आ सकती है। मौसम विभाग ने इस पूरे सप्ताह बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, मंगलवार के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। साथ ही, 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी भी चलेगी। ऐसे में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 31 डिग्री रह सकता है।





फोटो : नीरज





### अब उमस वाली गर्मी करने लगी है परेशान

सोमवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। इससे तेज गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोगों के पसीने छूटे। दोपहर के बाद मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चली। जबकि कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई। सुबह साढ़े आठ बजे तक 0.6 एमएम बारिश दर्ज की गई। इससे तापमान में कमी देखने को मिली। हालांकि मौसम विभाग के मुताबिक जाफरपुर इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं, आया नगर व नजफगढ़ में 40, पीतमपुरा में 39.6, पालम में 38.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया। सबसे कम न्यूनतम तापमान रिज में 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात के समय हवा में ठंडक महसूस की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

### हवा की गुणवत्ता अपेक्षाकृत बेहतर

राजधानी में हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में बरकरार है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 142 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। सर्वाधिक इलाकों में एक्यूआई 200 के पार दर्ज किया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से मध्यम श्रेणी में बनी रही। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में फरीदाबाद का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया। यहां एक्यूआई 185 रहा, यह मध्यम श्रेणी है।



### 12 जगहों पर जलभराव, 11 स्थान पर पेड़ गिरने की शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली में मानसून ने अभी तक दस्तक नहीं दी है, लेकिन सोमवार को हुई हल्की बारिश से जहां एक बार फिर मौसम सुहाना हो गया है तो वहीं जलभराव की वजह से निगम की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। निगम का दावा है कि मानसून से पहले ही नालियों की सफाई कर ली गई है और जलभराव की समस्या से निपटने की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। लेकिन हकीकत एकदम उसके उलट है। सोमवार को बारिश की वजह से से राजधानी दिल्ली में 12 जगहों पर जलभराव की समस्या हुई, तो वहीं 11 जगहों पर पेड़ गिरने की शिकायत दर्ज की है।

### देश में शुरू होगी पशुधन की गणना

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : केन्द्र सरकार मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अन्तर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग आगामी 21वीं पशुधन गणना के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को रणनीति बनाने तथा सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित करने के लिए तैयार है।

कार्यशाला 25 जून, 2024 मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में होगी, जहां केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन और पशुपालन और डेयरी विभाग की सचिव अलका उपाध्याय भी उपस्थित होंगी। इस गणना का उद्देश्य देश भर में विभिन्न पशु प्रजातियों के बारे में विस्तृत आंकड़ा जुटाना है। केन्द्र सरकार कहना है कि पशुधन गणना में सभी गांवों और शहरी वार्डों को शामिल किया जाएगा। इसमें मवेशियों, भैंसों, याक, भेड़, बकरी, सुअर, घोड़े, टट्टू, खच्चर, गधे, ऊंट, कुत्ते, खरगोश और हाथी सहित पशुओं की विभिन्न प्रजातियों की गणना की जाएगी। इसके साथ ही घरों, घरेलू उद्यमों और गैर-घरेलू उद्यमों द्वारा रखे गए मुर्गी, बत्तख और अन्य पालतू पक्षियों की भी गणना की जाएगी। सरकार ने कहा कि पशुओं की गणना उनके स्थान पर ही की जाएगी, जिसमें उनकी नस्ल, आयु और लिंग का विवरण दर्ज किया जाएगा।पशुधन गणना 1919 में प्रारंभ होने के बाद से प्रत्येक पांच वर्ष में आयोजित की जाने वाली एक महत्वपूर्ण कार्य है, जो नीति निर्माण और पशुपालन क्षेत्र में अनेक कार्यक्रमों को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण है।


## GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE

PRDH R.O. No. 11/2025/620/27110/I/142/7 Dt.24/06/2024

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PANCHAYATI RAJ CHARKHI DADRI | CONST. OF PARK-CUM-VAYAMSHALA AT VILLAGE SANJARWAS BLOCK BAUND KALAN DISTRICT CHARKHI DADRI. (HRDF) + 3 WORKS | 19.06.2024 27.06.2024 | 128.78 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 2 | IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT HARYANA HANSI | CONSTRUCTION OF GATE AND GEARING PUMP HOUSE RD 157000-R S.S.B 104000-L BMPC DRAIN AND 97643-R BMPC DRAIN AND GATE AND GEARING AT RD 7500 BASS KHARBALA DRAIN AND INCLUDING PITCHING ON BMPC DRAIN FROM RD 78000-L TO 81500-L IN VILLAGE GARHI, MEHANDA... + 1 WORKS | CLOSING DATE 26.06.2024 | 383.54 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9466063030 xen-wshansi.irr@hry.gov.in |
| 3 | PANCHAYATI RAJ KARNAL | JAISINGHPURA CONST.OF FIRNI ILPB H/O JASBIR S/O DAYA TO SURESH S/O ZILA AT VILLAGE JAISINGHPURA BLOCK ASSANDH | 20.06.2024 04.07.2024 | 27.54 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | PANCHAYATI RAJ KARNAL | KAIMLA CONST. OF RASTA FROM FIELD OF RAMESH SIMLAYA TO FIELD OF PARSA S/O CHHAJU RAM AT VILLAGE :- KAIMLA, BLOCK:-GHARAUNDA, SCHEME:-MMKKSY + 7 WORKS | 20.06.2024 04.07.2024 | 51.79 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | PANCHAYATI RAJ NARNAUL | VILLAGE - GAHLI BLOCK- NARNAUL CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL OF PLAY GROUND + 9 WORKS | 21.06.2024 01.07.2024 | 370.17 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8529595662 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | PANCHAYATI RAJ NARNAUL | BLOCK NARNAUL AND SIHMA DISTT MAHENDERGARH PHASE 2ND 10 NOS. VILLAGES STREET LIGHT WORKS + 3 WORKS | 21.06.2024 28.06.2024 | 275.46 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8529595662 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 7 | PANCHAYATI RAJ CHARKHI DADRI | CONSTN OF HALL IN VAYAMSHALA AT VILLAGE FATEHGARH BLOCK AND DSITRICT CHARKHI DADRI + 2 WORKS | 20.06.2024 27.06.2024 | 19.28 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | PANCHAYATI RAJ KARNAL | COMP. OF B/WALL IN RAM GARHIYA CHOUPAL AT VILLAGE BAIRSAL BLOCK NILOKHERI DISTT KARNAL UNDER VANGY SCHEME 2023-24 + 11 WORKS | 20.06.2024 04.07.2024 | 105.97 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | PWD B&R HISAR | SPECIAL REPAIR OF OLD NH-65 INTERNAL PORTION OF HISAR CITY (HISAR BARWALA ROAD) FROM RD 180.990 TO 185.750 AND 186.800 TO 187.360 IN HISAR DISTRICT (ROAD ID 11549) (HISAR CONSTITUENCY) (GROUP NO. 3) 2ND PHASE | CLOSING DATE 03.07.2024 | 623.47 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 10 | PWD B&R JIND | SPECIAL REPAIR OF 2 NO. ROADS IN JIND CONSTITUENCY UNDER HEAD 5054 IN JIND DISTT. (GROUP-3) 1. JIND-SAFIDON ROAD TO JIND-ROHTAK ROAD VIA JIND-GOHANA ROAD UPTO CROSSING DELHI BHATINDA RAILWAY LINE ROAD ON ABANDONED RAJBAHA NO. 7 (ROAD ID 10122) 2. MANDO KHERI APP. ROAD (ROAD ID 6615) | CLOSING DATE 04.07.2024 | 464.12 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8398098053 pwdeepdjind@gmail.com |
| 11 | PWD B&R GURUGRAM | RENOVATION OF HOUSE NO. 30-B, OFFICER COLONY, NEAR PATEL NAGAR, GURUGRAM | CLOSING DATE 26.06.2024 | 9.77 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 12 | PWD B&R HISAR | INSTALLATION OF 20 KW ON GRID/HYBRID SOLAR POWER PLANT WITH BATTERY BANK IN GOVT. INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE BARWALA, DISTT. HISAR + 2 WORKS | 20.06.2024 03.07.2024 | 26.56 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 13 | PWD B&R KARNAL | PDG. REPAIR OF EPABX SYSTEM INSTALLED IN DEPUTY COMMISSIONER OFFICE, MINI SECTT., SONIPAT. + 5 WORKS | 24.06.2024 02.07.2024 | 18.53 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 14 | PWD B&R NARWANA | SPECIAL REPAIR OF 04 NOS. ROADS OF NARWANA CONSTITUENCY UNDER PD NARWANA (I) CONSTRUCTION OF SIDE DRAIN AT VILLAGE DHANOURI ON KALAYAT TO KURAR TO DATTA SINGHWALA ROAD IN JIND DISTRICT (ROAD ID 6769) (II) SPECIAL REPAIR OF ROAD BY PDG. CC PAVEMENT ON BAILERKHA TO AMBARSAR ROAD FROM RD 0.00 TO 0.70 KM IN JIND DISTRICT (ROAD ID 6750) (III) PDG. AND LAYING 80MM THICK IPB ON BERMS ON NH-71 TO DHANI ROAD KM 0.00 TO 2.33 IN JIND DISTRICT (CITY PORTION NARWANA) (ROAD ID 6765) (IV) SPECIAL REPAIR BY PDG. AND LAYING 80MM THICK IPB ON BERMS KM 0.00 TO 1.19 AND WDG. AND STG. FROM RD 1.19 TO 1.85 KM ON DHAKAL BYE PASS ROAD IN JIND DISTRICT (CITY PORTION NARWANA) (ROAD ID 6810) | 21.06.2024 05.07.2024 | 347.45 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 15 | PWD B&R GURUGRAM | PROVIDING WIDENING AND STRENGTHENING ON G.A. ROAD TO DHUMASPUR VIA NAYAGAON KM. 0.00 TO 10.03 IN GURUGRAM DISTT. (ROAD ID 3108 AND 3076) | CLOSING DATE 06.07.2024 | 711.27 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 16 | PANCHAYATI RAJ FARIDABAD | PAVEMENT OF PHIRNI WITH IPB AND SIDE DRAINS AT VILLAGE KHANDAWALI BLOCK BALLABGARH DISTRICT FARIDABAD HGVY | 18.06.2024 02.07.2024 | 82.15 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 17 | PANCHAYATI RAJ FARIDABAD | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL OF KABRISTAN AT VILLAGE BHUAPUR BLOCK TIGAON DISTRICT FARIDABAD | 22.06.2024 28.06.2024 | 9.96 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 18 | PANCHAYATI RAJ FARIDABAD | CONST. OF JAAT CHOUPAL NEAR DANI AT VILLAGE MOHNA BLOCK BALLABGARH DISTT. FARIDABAD (D.PLAN) GENERAL + 1 WORKS | 22.06.2024 28.06.2024 | 36.59 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 19 | PANCHAYATI RAJ KAITHAL | CONST. OF B/WALL IN KABRISTAN AT VILLAGE JAKHOULI DABDAL + 27 WORKS | 21.06.2024 01.07.2024 | 150.06 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 20 | PANCHAYATI RAJ KAITHAL | HAJWANA,,CONST. OF BUS QUE SHELTER(HAJWANA) + 2 WORKS | 21.06.2024 01.07.2024 | 62.77 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 21 | PANCHAYATI RAJ HISAR | PABRA, UKLANA, PAVEMENT OF BOE RASTA FROM KANOH ROAD TO D/O BASAU (HGVY) + 14 WORKS | 21.06.2024 11.07.02024 | 387.27 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 22 | PANCHAYATI RAJ FATEHABAD | DANGRA, CONST. OF 0.6 ACRE COMMUNITY CENTER, BLOCK-TOHANA HGVY + 9 WORKS | 21.06.2024 08.07.2024 | 546.8 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 23 | PANCHAYATI RAJ FATEHABAD | MAJRA- CONST. OF IPB RASTA FROM MAIN BHUNA ROAD TO D/O INDERPAL S/O RANSINGH AT VILLAGE- MAJRA BLOCK-FATEHABAD DIST.- FATEHABAD HGVY + 7 WORKS | 22.06.2024 01.07.2024 | 271.02 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 24 | PANCHAYATI RAJ FATEHABAD | SALAM KHERA - CONSTRUCTION OF CREMATION SHED IN G/GHAT AT VILLAGE SALAM KHERA BLOCK FATEHABAD DISTRICT FATEHABAD (HGVY) + 5 WORKS | 20.06.2024 28.06.2024 | 399.97 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 25 | PANCHAYATI RAJ FATEHABAD | CHAUBARA ESTIMATE FOR THE PAVEMENT OF IPB RASTA FORM DHANI DALIP DHAKA TO F/O BHARAT SINGH BICHHAR (TOTAL LENGTH OF RASTA 1.13KM) AT VILLAGE CHAUBARA BLOCK BHUNA HGVY + 6 WORKS | 22.06.2024 08.07.2024 | 377.33 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 26 | PANCHAYATI RAJ MEHAM ROHTAK | 22/02 CONSTRUCTION OF B/WALL OF PANCHYATI LAND AT VILLAGE GIRAWAR , BLOCK MEHAM UNDER Z.P.D.P. SUPPLY. PLAN 2022-23 + 1 WORKS | 21.06.2024 28.06.2024 | 7.13 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 27 | PANCHAYATI RAJ KARNAL | CONST. OF RASTA WITH ILPB FROM PWD ROAD TO SHAMSHAN GHAT AT VILLAGE BHARATPUR BLOCK GHARAUNDA + 1 WORKS | 21.06.2024 05.07.2024 | 55.29 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 28 | PANCHAYATI RAJ JHOJHU KALAN CHARKHI DADRI. | CONSTRUCTION OF PARK AT VILLAGE MEHRA (PS) + 11 WORKS | 21.06.2024 01.07.2024 | 90.79 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 29 | PANCHAYATI RAJ GANAUR SONIPAT | CONSTRUCTION OF SWM SHED AT VILLAGE PANCHI, RAJLU GARHI, AND BHOGIPUR BLOCK GANAUR + 2 WORKS | 21.06.2024 27.06.2024 | 47.70 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 30 | PANCHAYATI RAJ SONIPAT | PAVEMENT OF IPB RASTA FROM JAIBHAGWAN SO LALCHAND FIELD TO SURESH SO MANGE FIELD AT VILLAGE SEVLI BLOCK RAI. | CLOSING DATE 01.07.2024 | 54.72 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 31 | PUBLIC HEALTH ENGINEERING SIRSA | ANNUAL MTC. WATER SUPPLY SIRSA TOWN `COMPREHENSIVE MAINTENANCE OF GASEOUS TYPE FULL VACUUM CHLORINATION SYSTEM AND REFILLING OF CHLORINE GAS CYLINDERS AT VARIOUS STATIONS IN SIRSA TOWN AND ALL OTHER WORKS CONTINGENT THERETO.Â€□ (FOR A PERIOD OF SIX YEARS) | 22.06.2024 05.07.2024 | 147.90 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


## देश में हर साल लगभग 1.35 मिलियन मौतें तम्बाकू के कारण होती हैं

# शिक्षा संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान आरंभ

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारत में तम्बाकू के उपयोग से बहुत से रोग पैदा होते हैं और इसके इस्तेमाल से व्यक्ति मृत्यु की कगार तक पहुंच सकता है। देश में हर साल लगभग 1.35 मिलियन मौतें तम्बाकू के कारण होती हैं। भारत तम्बाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक भी है। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (जीवाईटीएस) 2019 के अनुसार, देश भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के 8.5 प्रतिशत स्कूली छात्र विभिन्न रूपों में तम्बाकू का सेवन करते पाये गये हैं।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीटीपी) के अंग के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने नाबालिगों और युवाओं को तम्बाकू के सेवन से बचाने के लिए शिक्षा संस्थानों को तम्बाकू रहित बनाने के लिए "तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थान" दिशा निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता

शिक्षा मंत्रालय MINISTRY OF EDUCATION

विभाग ने स्कूलों के लिए "तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थान कार्यान्वयन मैनुअल" विकसित किया है और इसे 31 मई, 2024 को मनाए जाने वाले विश्व तम्बाकू निषेध दिवस (डब्ल्यूएनटीडी) पर लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य देश भर के शिक्षा संस्थानों को "तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थान" दिशा निर्देशों का अनुपालन कराना और तम्बाकू मुक्त क्षेत्र बनाना है। तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थानों के मिशन को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूलों और आस-पास के क्षेत्र में गतिविधियां शुरू करने की सलाह दी है। इस संबंध में "तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थान कार्यान्वयन मैनुअल" के अनुसार तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थानों के दिशानिर्देशों का उचित तरीके से अनुपालन करने के लिए एक विस्तृत सलाह जारी की गई है। इसके अलावा, उन्होंने नुक्कड़ नाटकों, वीडियो फिल्मों, गैर सरकारी संगठनों, संसाधन व्यक्तियों आदि द्वारा वार्ता के माध्यम से नशामुक्ति पर जागरूकता संदेश फैलाने में नागरिक समाज की भूमिका पर भी जोर दिया। तदनुसार, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी गई कि वे स्कूल प्रबंधन समिति की बैठकों, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा और विद्यांजलि-स्कूल स्वयंसेवी पहल के माध्यम से संसाधन व्यक्तियों, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों को शामिल करें, ताकि छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और शिक्षण संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों को शामिल करते हुए तम्बाकू की रोकथाम और उपभोग के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके।




# फिर जवानों की शहादत

**नक्सलवाद** से प्रभावित छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाकर पुलिस वाहन उड़ाए जाने से दो जवान शहीद हो गए। यह पुलिस वाहन जवानों के लिए राशन लेकर जा रहा था। इस हमले में यही संकेत है कि नक्सली अभी भी सुरक्षा बलों की गतिविधियों को डैमेज कर हावी होना चाहते हैं। धमाके में कांस्टेबल शैलेन्द्र और ट्रक चालक विष्णु आर. की मौत हो गई। शहीद जवान शैलेन्द्र कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के पुरवामीर गांव का रहने वाला था। तीन माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। शहीद की पत्नी के हाथों से अभी मेहंदी भी नहीं छुटी कि नक्सलियों ने उसकी जिंदगी उजाड़ दी। शहीद हुए जवान विष्णु आर. के घर भी मातम का माहौल है। शहीद जवान कोबरा फोर्स का हिस्सा थे। कोबरा फोर्स के जवानों को जंगल का योद्धा माना जाता है। इन जवानों को नक्सलियों से गुरिल्ला युद्ध करने में दक्षता हासिल होती है। इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक हुए नक्सली हमलों में लगभग 9 जवान शहीद हो चुके हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि राज्य सरकार और केन्द्र की नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञा है और लाल आतंक पूरी तरह से दम तोड़ चुका है। अप्रैल माह में कांकेर में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने कई नक्सलवादियों को मौत के घाट उतार दिया था। छत्तीसगढ़ में भाजपा की वापसी के बाद 80 से ज्यादा नक्सली ढेर किए जा चुके हैं। 150 से ज्यादा नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

जिन जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित जिलों की बात करें तो बस्तर, बलरामपुर, गरियाबंद, दंतेवाड़ा, कांकेर, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर, धमतरी, कोंडागांव, महासमुंद, राजनांदगांव, कवर्धा और मुंगेली शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों में हुए नक्सली हमलों की बात करें तो यहां अन्य राज्यों की अपेक्षा सबसे ज्यादा नक्सली मुठभेड़ की खबरें सामने आती रहती हैं। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई हैं। इन मुठभेड़ों के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वही इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं।

नक्सलवाद के विरुद्ध लगातार सफलताओं के बावजूद इस पर पूरी तरह लगाम लगाने के बावजूद हमारा तंत्र पूरी तरह से कामयाब नहीं हो पाया है। इसमें कहीं न कहीं चूक हो जाती है। नक्सली जब भी कमजोर होते हैं वह इधर-उधर बिखर जाते हैं और अपनी शक्ति संग्रहित कर फिर हमले शुरू कर देते हैं।

> **छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों में हुए नक्सली हमलों की बात करें तो यहां अन्य राज्यों की अपेक्षा सबसे ज्यादा नक्सली मुठभेड़ की खबरें सामने आती रहती हैं। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई हैं। इन मुठभेड़ों के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वही इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। नक्सलवाद के विरुद्ध लगातार सफलताओं के बावजूद इस पर पूरी तरह लगाम लगाने के बावजूद हमारा तंत्र पूरी तरह से कामयाब नहीं हो पाया है। इसमें कहीं न कहीं चूक हो जाती है। नक्सली जब भी कमजोर होते हैं वह इधर-उधर बिखर जाते हैं और अपनी शक्ति संग्रहित कर फिर हमले शुरू कर देते हैं।**

इन तमाम सवालों को समझने के लिए नक्सलवाद के संक्षिप्त इतिहास एवं इसके राजनीतिकरण की वजहों को समझना जरूरी होगा। इसमें कोई शक नहीं कि 60 के दशक में चारु मजुमदार के नेतृत्व में हक और हकूक की लड़ाई के नाम पर पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से नक्सल आन्दोलन शुरू हुआ था। शुरूआती दौर में इसे एक राजनीतिक आन्दोलन बताया गया था। मगर समय के साथ-साथ यह आन्दोलन अपने मूल चरित्र के साथ सामने आता गया और आज इसका असली चरित्र सबके सामने है। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हुआ वह तथाकथित आंदोलन आज आंदोलन भी कहा जाना चाहिए कि नहीं यह बात आज बहस के घेरे में है। हक और हकूक की लड़ाई कब और किस तरह आंदोलन से भटक कर आतंकवाद का रूप पकड़ लेती इसका प्रमाण पिछले कुछ सालों में हुई नक्सली वारदातों से मिलता रहा है। हालांकि इस हिंसा की प्रवृति को जनता आंदोलन का नाम देकर बौद्धिक पोषण देने का काम भी होता रहा है लेकिन हिंसा की शर्तों पर एक लोकतांत्रिक राज्य को चुनौती देना किसी भी नजरिये से न तो लोकतांत्रिक कहा जा सकता है न ही मानविक ही कहा जा सकता है। नक्सल प्रभावित राज्यों में हुए पिछले तमाम चुनावों ने यह साबित किया है कि वहां की स्थानीय जनता, जिनकी आड़ लेकर नक्सलवादी इस हिंसाचार को अंजाम दे रहे हैं, ने नक्सलवाद को पूरी तरह से खारिज किया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा और लोकसभा चुनाव में लोगों ने जबर्दस्त विरोध किया। यह समझना जरूरी है कि नक्सलवाद विकास में बाधित है। नक्सलवाद जाएगा तो विकास होगा। सुरक्षा बलों को नक्सलवाद के नासूर से देश को छुटकारा दिलाने के लिए बिना किसी चूक के अभियान चलाने होंगे ताकि किसी जवान का खून न बहे और फिर कोई दुल्हन विधवा न हो।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## वो मासूम न जाने कितनी बार चीखी...


गीता पाढा

वो मासूम न जाने कितनी बार चीखी होगी, कितनी बार चिल्लायी होगी,
पर उन बेदर्द दरिंदों को न उस पर दया आयी होगी,
आज भगवान को भी खुद अपनी रचना पर शर्म आयी होगी,
जब उस मासूम ने अपनी दर्द भरी दास्तां सुनायी होगी,
उसके शरीर के अनगिनत घावों ने उसके साथ हुई हैवानियत दर्शायी होगी,
कैसे कुछ नामर्दों की ओछी नापाक हरकतों से एक मासूम–
ने अपनी हंसती–खेलती जिंदगी गंवायी होगी...!!

# तानाशाहों की चाल और तिब्बत पर ताल


डा. विजय दर्डा
संपादक : लोकमत समूह
पूर्व राज्यसभा सांसद

**विश्व** की राजनीति में अचानक एक के बाद एक तेजी से ऐसी घटनाएं सामने आने लगीं कि विदेशी मामलों के जानकार भी हैरान हो रहे हैं। मगर इन घटनाओं को आपस में जोड़ कर देखना बहुत जरूरी है क्योंकि सारी घटनाएं एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली हैं और सबसे बड़ी बात कि इन घटनाओं का सीधा असर हमारे देश पर पड़ने वाला है। हम चाहकर भी इससे अप्रभावित नहीं रह सकते। एक तरफ दुनिया के तीन तानाशाह- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन का खतरनाक गठजोड़ और उनकी साजिश भरी चाल है तो दूसरी ओर भारत के कंधे पर अमेरिका की बंदूक है। अंदरखाने बहुत कुछ चल रहा है।

अब जरा एक-एक कर घटनाओं पर नजर डालिए। पिछले कुछ वर्षों से चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के नाम बदलता रहा है और भारत ने शाब्दिक विरोध के अलावा कोई और खास कदम नहीं उठाया। लेकिन सत्ता में तीसरी बार आने के ठीक बाद एनडीए सरकार ने अचानक तिब्बत के तीस स्थानों के नाम बदलने का प्रस्ताव पारित कर दिया। जिस तरह से यह निर्णय लिया गया, उसे सोची-समझी रणनीति का हिस्सा ही माना जाना चाहिए। यह चीन को एक तरह से चुनौती देने जैसा है। इसी बीच अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव ने तिब्बत-चीन विवाद के समाधान को बढ़ावा देने वाले एक एक्ट को बहुमत के साथ पारित कर दिया। इस एक्ट के पक्ष में 391 मत तथा विरोध में महज 26 मत पड़े। अमेरिकी सीनेट इसे पहले ही पारित कर चुकी थी। अब इस बात पर गौर करिए कि इस एक्ट से क्या फर्क पड़ेगा? इसमें कहा गया है कि तिब्बत के इतिहास, लोगों और संस्थाओं के बारे में चीन की ओर से जो गलत बातें फैलाई जा रही हैं, उसे रोकने के लिए अमेरिका फंड उपलब्ध कराएगा। इसका मतलब है कि तिब्बत आंदोलन के लिए अमेरिका पैसे देगा। यह एक तरह से चीन को खुली चुनौती है क्योंकि चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर रखा है।

अमेरिका यहीं नहीं रुका बल्कि उसका सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भारत आया और हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में जाकर तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मिला। धर्मशाला में तिब्बत की निर्वासित सरकार रहती है। 1959 में तिब्बत पर चीनी कब्जे के बाद दलाई लामा अपने सहयोगियों के साथ भारत आ गए थे और तिब्बत की निर्वासित सरकार यहां स्थापित हुई थी। दलाई लामा से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी कांग्रेस की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी भी शामिल थीं। प्रतिनिधिमंडल ने तिब्बत की स्वायत्तता का मुद्दा उठाया और अमेरिका के पूर्ण सहयोग की बात भी की। संभवत: यह पहला मौका है जब भारत की धरती से किसी विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने तिब्बत का मामला उठाया है। यहां दो बातें गौर करने वाली हैं। अमेरिका का यह प्रतिनिधिमंडल क्या सरकारी है? या फिर निजी स्तर पर भारत आया है? दूसरी बात कि प्रतिनिधिमंडल को क्या भारत का समर्थन प्राप्त है? इन दोनों ही सवालों पर फिलहाल चुप्पी छाई है। मगर इतना तय है कि इससे चीन बहुत परेशान है। उसे यह डर सता रहा है कि यदि तिब्बत का मामला फिर से गरमा गया तो उसे परेशानी हो सकती है। अमेरिका और भारत निश्चय ही यही चाहते हैं।



चीन इस बात को अच्छी तरह समझता है और उसने अमेरिका तथा भारत के बीच पनपते रिश्ते की काट के लिए तानाशाहों के गठजोड़ को बढ़ावा दिया है। रूस के साथ वह सहयोग लगातार बढ़ा रहा है। रूस और चीन की नजदीकी भारत के हित में नहीं है क्योंकि रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा साझीदार है। इधर रूस के साथ उत्तर कोरिया को जोड़कर चीन ने अमेरिका की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

तानाशाह किम जोंग उस सनकी स्वभाव का व्यक्ति है और अपनी सनक में वह कुछ भी कर सकता है। अमेरिका को सबक सिखाने की वह लगातार धमकी भी देता रहा है। जरा सोचिए कि पुतिन और किम जोंग उन के खतरनाक गठजोड़ को यदि चीन का भी साथ मिला हुआ है तो यह कितना विनाशकारी हो सकता है! रूस और उत्तर कोरिया ने अनुबंध भी कर लिया है कि किसी भी हमले की स्थिति में दोनों एक-दूसरे का साथ देंगे, लेकिन इस फिल्म का डायरेक्टर चीन है और स्वाभाविक तौर पर वह इन दोनों को अपने गुर्गे की तरह इस्तेमाल कर सकता है। रूस चूंकि इस समय दुनियाभर से कटा हुआ है इसलिए भारत के साथ ही उसके लिए चीन की नजदीकी ज्यादा मायने रखती है। लेकिन फिलहाल हमें रूस पर भरोसा रखना चाहिए क्योंकि हर फोरम पर उसने भारत के साथ दोस्ती को बरकरार रखा है और भारत भी इसमें पीछे नहीं रहा है। इस रिश्ते पर चीनी चाल का कोई असर नहीं होगा।

भारत अब किसी का पिछलग्गू देश नहीं है बल्कि अपनी सोच के साथ विश्व पटल पर तेजी से बढ़ता हुआ देश है। हमारी बात अब दुनिया भर में सुनी जाती है। हम बड़े आर्थिक खिलाड़ी भी हैं और बड़े उपभोक्ता भी। चीन चाहे कितना भी गठजोड़ कर ले, तिब्बत का मामला तो फिर से उठ गया है और इस पर शोर मचता रहेगा। निकट भविष्य में तिब्बत को भले ही स्वायत्तता नहीं मिले लेकिन चीन के गले की फांस तो रहेगा ही। चीन को क्या हम नाकों चने चबवा पाएंगे ताकि वह सीमा पर हरकतें बंद करें? तिब्बत पर ताल ठोंकना तिब्बत के लोगों के साथ ही हमारे भी हक में है। दुनिया गवाह है कि तानाशाह कितना भी मजबूत हो, उसका खात्मा तय होता है। हां, थोड़ा वक्त लगता है। इंतजार कीजिए।

# दक्षिण अफ्रीका चुनावों में भारतवंशियों ने गाड़े झंडे


आर.के. सिन्हा
पूर्व राज्यसभा सांसद

**भारत** के लोकसभा चुनावों के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारत मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेंबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते है। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्ज़बर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फ़ासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुँचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिल कुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ्रीका पहुंचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाजुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है।

इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला। यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रही। दक्षिण अफ्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुनिया के सबसे उच्च स्तर की बेरोजगारी, असमानता और हिंसक अपराध शामिल हैं।

एएनसी ने 1994 में श्वेत अल्पसंख्यक शासन की रंगभेद व्यवस्था के अंत के बाद से दक्षिण अफ्रीका पर बहुमत के साथ शासन किया। लेकिन इस बार के चुनाव में 30 साल के बहुमत को खोने से देश में एक बड़ा बदलाव आया। यह चुनाव गरीबी, असमानता और बेरोजगारी के उच्च स्तर को लेकर दक्षिण अफ्रीकियों में व्यापक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुआ।



खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अफ्रीकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने भारत अफ्रीका के रिश्तों पर जोर देते हुए कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नए कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत एक बड़ा स्त्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी। मौजूदा दौर में अफ्रीका के कई देश तेजी से आर्थिक विकास कर रहे हैं। अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ भी अफ्रीका में संभावनाएं तलाशता रहा है। कारोबारी रिश्ते में भारत अभी इन सभी से पीछे है। ऐसे वक्त में जब कि चीन की अर्थव्यवस्था उतार पर है। यूरोप भी संकट से जूझ रहा है। इस पृष्ठभूमि में भारत के पास अफ्रीका के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का बेहतरीन मौका है।

भारत की चोटी की कंपनियों जैसे टाटा, भारती, महिन्द्रा, अशोक लीलैंड वगैरह का अफ्रीका में तगड़ा निवेश है। अफ्रीका में हर जगह टाटा की उपस्थिति दिखती है। भारती एयरटेल ने अफ्रीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश किया हुआ है। भारतीय कंपनियों ने कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी अपनी गहरी रुचि जताई है। दूसरी ओर अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन, पर्यटन व होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अफ्रीकी देश नाइजीरिया भारत को बड़े पैमाने पर तेल की आपूर्ति करता है।

इस बीच, अफ्रीका से राजधानी दिल्ली में आने नागरिकों को यहां अफ्रीका के बहुत सारे प्रतीक मिलेंगे। राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। इसके करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। यह संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामे नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं। इंडिया अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गॉर्डन को अब अफ्रीका गॉर्डन कहा जाने लगा है। जैसे कि इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यहां गुलाब ही गुलाब हैं। यहां गुलाब के लाल, पिंक, सफेद समेत साढ़े पांच हजार से अधिक पौधों की 65 प्रजातियां खुशबू बिखेरती हैं। इधर का सारा वातावरण बेहद सुंदर और आनंद की अनुभूति देता है।

दिल्ली में अफ्रीका नाम से किसी उद्यान का होना एक तरह से यहां पर रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों को कुछ भरोसा तो दिलाता होगा कि भारत उनका मित्र है। वैसे राजधानी में नेल्सन मंडेला और मिस्र के जननायक गमाल आब्देल नासेर के नामों पर भी सड़कें हैं। क्वामे नकरूमा की तरह नासेर भी निर्गुट आंदोलन के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। देखा जाए तो दिल्ली का अफ्रीका से रिश्ता सन 1955 में कायदे से बना था। तब दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में डिपार्टमेंट आफ अफ्रीकन स्टडीज की स्थापना हुई थी। उसी दौर में यहां विभिन्न अफ्रीकी देशों के नौजवान पढ़ने के लिए आने लगे। उनमें केन्या से आने वाले सर्वाधिक रहते थे। उन्होंने डीयू में अपने देश के नायक जुमो कैन्यटा के नाम से एक फुटबॉल प्रतियोगिता भी चालू की। उसमें सिर्फ अफ्रीकी देशों के छात्र ही भाग लेते थे, पर दर्शक सब होते थे। इसी डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के छात्र रहे अफ्रीकी देश मलावी के राष्ट्रपति बिंगु वा मुथारिका भी।

अत: ऐसा लगता है कि मोदी जी तीसरे प्रधानमंत्रित्व काल की भारत सरकार दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य सभी अफ्रीकी देशों से सम्बन्ध और मजबूत और स्थायी करेगी।

# हिसार में लव मैरिज करने वाले जोड़े की हत्या

**हिसार**, (पंजाब केसरी) : हरियाणा के हिसार में सोमवार सुबह लव मैरिज करने वाले कपल की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। दोनों के शव हांसी के लाला हुकुम चंद जैन पार्क में पड़े हुए मिले। दोनों कपल सुबह पार्क में बैठे हुए थे। करीब साढ़े 9 बजे बाइक पर आए 2 बदमाशों ने 7 राउंड फायरिंग की। जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर एसपी मकसूद अहमद और डीएसपी धीरज कुमार पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान नारनौंद के बड़ाला गांव का रहने वाले तेजवीर और हांसी के सुल्तानपुर गांव की रहने वाली मीना के रूप में हुई है। दोनों ने 2 महीने पहले ही शादी की थी। तेजवीर नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करता था। प्राथमिक जांच में यही सामने आया है कि 2 युवक गोलियां मारकर भागते हुए देखा गया है। जो खोल मिले हैं 2 हथियारों के हैं। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि हत्या में 2 हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। अभी सिर्फ लड़के के परिवार के लोग आए हैं।





# सूरज रेवन्ना को सीआईडी हिरासत में भेजा गया

**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी): बेंगलुरु की एक अदालत ने एक व्यक्ति के कथित यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किए गए जनता दल सेक्युलर (जद एस) के विधान परिषद सदस्य सूरज रेवन्ना को सोमवार को एक जुलाई तक के लिए आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की हिरासत में भेज दिया। सीआईडी ने रविवार रात को रेवन्ना को 42 वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया था। अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा था। इस मामले की फाइल मिलने के बाद सीआईडी सोमवार को अदालत पहुंची और आगे की जांच के लिए उनकी (रेवन्ना की) हिरासत का अनुरोध किया।


# विशेष विधेयक लाकर नौकरियां बचाएगी सरकार : नायब सैनी



**चंडीगढ़,** राजेश जैन (पंजाब केसरी) : हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में भर्ती के समय कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को सामाजिक आर्थिक आधार पर पांच अंक देने के प्रावधान को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा असंवेधानिक ठहराए जाने के बाद सोमवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अंत्योदय उत्थान के नजरिए से लागू किया गया पांच अंक का प्रावधान जारी रखा जाएगा ।उन्होंने कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समाधान पुनर्विचार याचिका दायर कर या विधानसभा में विधेयक पेशकर किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में पांच अंको के मुद्दे पर हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराए जाने के तुरंत बाद नायब सैनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रदेश में पांच अंको के आधार पर की गई ग्यारह हजार भर्ती के रद्द होने जैसी स्थिति नही आने दी जाएगी ।साथ ही सैनी ने कहा कि इसी सप्ताह पचास हजार और सरकारी नोकरी दी जायेंगी। नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नोकरी देने का माहौल बनाया था ।अंत्योदय के आधार पर ऐसे अभ्यर्थियों को भी नौकरी दी गई जिनके परिवार में कोई अन्य सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं था ।साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में भी थे ।उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस के शासन में बगैर पैसे के किसी को नोकरी नही मिलती थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने नौकरियों में पांच नम्बर के बोनस को असंवैधानिक करार दिया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : हरियाणा में सरकारी भर्ती परीक्षा में सामाजिक-आर्थिक आधार पिछड़े उम्मीदवारों को 5 बोनस अंक दिए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सोमवार को दिए फैसले में कोर्ट ने कहा- यह असंवैधानिक है।हरियाणा की खट्टर सरकार ने नौकरियों में सामाजिक व आर्थिक आधार पर पिछड़े आवेदकों को 5 बोनस अंक देने का फैसला किया था। फैसला 5 मई, 2022 से लागू किया था। इसके तहत जिस परिवार में कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में न हो और परिवार की आमदनी सालाना 1.80 लाख रुपए से कम हो, ऐसे परिवार के आवेदक को 5 अतिरिक्त अंक का लाभ मिलता है। हरियाणा सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग के कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट में 1.80 लाख सालाना इनकम वाले परिवारों को बोनस अंक का लाभ दिया था। राज्य के परिवार पहचान पत्र वाले युवाओं को ही यह फायदा मिला।



हरियाणा सरकार की नीति को ''लोकलुभावन उपाय'' करार देते हुए न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की अवकाशकालीन पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया ।उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की नौकरियों में कुछ वर्गों के उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित सामाजिक-आर्थिक मानदंडों को असंवैधानिक करार दिया था।

पीठ ने कहा, ''संबंधित निर्णय पर गौर करने के बाद, हमें इसमें कोई त्रुटि नहीं नजर आई। विशेष अनुमति याचिकाएं खारिज की जाती हैं।'' सुनवाई शुरू होते ही उच्चतम न्यायालय ने मामले पर विचार करने की अनिच्छा व्यक्त की और कहा, ''अपने प्रदर्शन के आधार पर एक मेधावी उम्मीदवार को 60 अंक मिलते हैं, किसी और को भी 60 अंक मिले हैं, लेकिन केवल पांच कृपांक के कारण उसके अंक बढ़ गए हैं। ये सभी लोकलुभावन उपाय हैं। किसी को पांच अंक अतिरिक्त मिलने के कदम का आप किस तरह बचाव कर सकते हैं?''

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83

पंजाब केसरी

दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

पुलिस ने मासूम की खरीद-फरोख्त व किडनैपिंग में शामिल तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

# राजौरी गार्डन: मां बनने के लिए दूसरे की गोद की सूनी किडनैप बच्चा तीन लाख में खरीदा

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजौरी गार्डन इलाके से एक साल के बच्चे का अपहरण कर तीन लाख रुपए में सौदा कर दिया गया। पुलिस ने इस केस में बच्चा खरीदने वाली एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मासूम को बिहार से सकुशल बरामद कर लिया है। जांच में पता चला है कि आरोपी महिला को शादी के बाद औलाद नहीं हुई थी। उसने अपनी सूनी गोद को भरने के लिए किडनैप हुए इस बच्चे को तीन लाख रुपए में खरीदा था।





डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि आरोपियों की पहचान मनीष कुमार गुप्ता, मोहित तिवारी और शोभा देवी के तौर पर हुई है। इस संवेदनशी केस को डिस्ट्रिक्ट की एंटी नार्कोटिक्स स्क्वाड के इंचार्ज अनुज यादव के नेतृत्व में एसआई मनीष, एचसी दिनेश, कांस्टेबल कशिश राम, विकास आदि की टीम ने क्रेक किया है। पुलिस को आरोपियों के पास से एक बाइक भी बरामद हुई है। डीसीपी विचित्र वीर ने बातया कि गत 13 जून को टैगोर मेट्रो स्टेशन के पास सड़क किनारे सो रहे एक साल के बच्चे का किडनैप होने की सूचना मिली। पीड़िता पूनम की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह फेरी लगाकर सामान बेचती है। रात को डिवाइडर पर सड़क किनारे सोती है। घटना के समय बच्चा उसकी बाहों में ही सो रहा था, तभी बाइक सवार व्यक्ति उसका बच्चा छीनकर ले गया। इंस्पेक्टर अनुज यादव की टीम ने घटनास्थल समेत अलग-अलग रूट पर लगे सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। एक फुटेज में काले रंग की बाइक का पता चला। जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी नरेला निवासी मनीष कुमार गुप्ता (27) को दबोच लिया। पूछताछ के बाद उसके सहयोगी मोहित तिवारी उर्फ गुड्डु को घोंडा यूपी से पकड़ लिया।- बिहार में बेच दिया था बच्चा -पकड़े जाने के बाद आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बिहार के सीतामढ़ी में शोभा नाम की महिला को बच्चा बेच दिया है। बच्चे की एवज में उन्हें तीन लाख रुपए मिले। पुलिस टीम यह जानकारी मिलने के बाद तुरंत बिहार के लिए रवाना हो गई। पुलिस ने शोभा के घर से बच्चे को सकुशल बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

शोभा ने पुलिस को बताया कि शादी के कई साल बाद भी उसे कोई बच्चा नहीं हुआ। पहले वह दिल्ली के नरेला इलाके में ही रहती थी। वह पहले से ही आरोपी मनीष को जानती थी। उसने अपनी सूनी गोद का दर्द मनीष के साथ साझा किया किया था। मनीष ने इसका फायदा उठाया और बच्चा चोरी कर शोभा को तीन लाख रुपए में बेच दिया।

# इमारत में लगी आग, जान बचाने के लिए बच्ची छत से कूदी

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तम नगर संजय एनक्लेव में सोमवार दोपहर एक चार मंजिला इमारत में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद भीषण आग लग गई। इस हादसे में एक युवक आग की चपेट में आकर झुलस गया। धमाके से दूसरी मंजिल की दीवार टूट कर पड़ोसी के मकान पर जा गिरी, जहां एक युवती के सिर पर ईंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके अलावा 11 साल की बच्ची ने जान बचाने के लिए नीचे छलांग लगा दी। उसका एक पैर टूट गया है। पुलिस ने सभी घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। दमकल कर्मियों ने चार गाड़ियों के सहयोग से करीब सवा घंटे बाद आग पर काबू पाया।



दिल्ली दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब सवा दो बजे सी-1/29 संजय एनक्लेव उत्तम नगर में आग लगने की सूचना मिली थी। यहां दूसरी मंजिल पर एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद आग चौथी मंजिल तक फैल गई थी। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियों के साथ फायर फाइटर्स मौके पर पहुंच गए। आग की चपेट में आने से 18 वर्षीय नुकुल गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस की मदद से उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, 11 साल की एक बच्ची आग से बचने के लिए नीचे कूद गई। नीचे गिरने के कारण उसकी टांग व शरीर के दूसरे हिस्सों पर चोट आई है। उसे एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। उसका एक पैर टूट जाने की पुष्टि हुई। वहीं, सिलेंडर ब्लास्ट के कारण दूसरी मंजिल की दीवार ढह गई थी। जो पड़ोसी के मकान पर जाकर गिरी। इसका मलवा वहां मौजूद 22 वर्षीय रीना के सिर पर जाकर लगा। सिर में गंभीर चोट के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# विकसित भारत के सपने को पूरा करेगी नई शिक्षा नीति

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): यदि लक्ष्य के अनुरूप हमें अपनी अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन के पास ले जाना है तो शिक्षा व्यवस्था, कौशल व्यवस्था, (स्किलिंग सिस्टम), रोजगार तंत्र और उद्यमी तंत्र ये चार चीजें हैं जिनपर हमें काम करना होगा। संगठित और अनुशासित तरीके से काम करने वाली एक कंपनी जब तीन ट्रिलियन तक पहुंच सकती है तो 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश की अर्थव्यवस्था भी इस जादुई आंकड़ें के पास जरूर पहुंच सकता है। ये बातें राजधानी में आयोजित अथर्व भारत 2024 समिट इंडिया में मुख्य अतिथि के तौर पर नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम (एआईसीटीई) के चेयरमैन प्रो. अनिल डी सहसत्रबुद्धे ने कही। इनोवेशन से ही इनकम जेनरेट होगा। इसलिए नई शिक्षा नीति में पांच तत्वों को रखा गया है जो विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा कराने में मदद करेगा। ये पांच तत्व हैं शिक्षा व्यवस्था, कौशल व्यवस्था, (स्किलिंग सिस्टम), रोजगार तंत्र, उद्यमी तंत्र और नवाचार (इनोवेशन)। इन पांच तत्वों को मिलाकर नाम दिया है नई शिक्षा नीति। इस अवसर पर लाइफ कोच एवं आध्यात्मिक सलाहकार श्वेता अग्रवाल की पुस्तक"स्नेक्स एंड लैडर्स ऑफ लाइफ थ्रू मोक्षपट्‌टा: डिस्कवर कर्मा, धर्मा एंड द पाथ टू निर्वाण" का विमोचन हुआ।

उन्होंने बताया कि एआईसीटीई के रूप में हम यही काम कर रहे हैं। तकनीकी शिक्षा को मान्यता प्रदान कर रहे हैं। इसमें हम यही देखते हैं कि पाठ्यक्रमों में इनोवेशन है या नहीं। उसके बाद ही मान्यता दी जाती है। उन्होंने बताया कि केवल मान्यता देने मात्र से ही देश विकसित नहीं होगा। उस स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर भी होना चाहिए। केवल डिग्री से काम नहीं चलेगा। मौजूदा शिक्षा व्यवस्था से डिग्री तो छात्रों को मिल रहा है, लेकिन ज्ञान नहीं मिल रहा है। हमें इंडस्ट्री के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

## कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कोंडली वार्ड में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्वी दिल्ली से सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद मुनेश डेढ़ा द्वारा हर्ष मल्होत्रा को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। साथ ही सांसद के हाथों से भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मयूर विहार जिलाध्यक्ष विजेंद्र धामा और भाजपा नेता वीरेन्द्र डेढ़ा भी मौजूद रहे। मंडल और जिले के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सांसद ने सभी के सहयोग की खूब प्रशंसा कर उनका आभार व्यक्त किया।

# राजौरी गार्डन हत्याकांड की जांच स्पेशल सेल को सौंपी

- *बर्गर किंग रेस्टोरेंट में गैंगवार की आशंका के बाद से ही स्पेशल सेल कर रही थी जांच*

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के राजौरी गार्डन स्थित बर्गर किंग रेस्टोरेंट में अशोक प्रधान गैंग के शूटर अमन की गोलियों से भूनकर हत्या की जांच अब दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल करेगी। सोशल मीडिया के माध्यम से पोस्ट कर इस हत्या कांड की जिम्मेदारी कथित तौर पर हिमांशु भाई गिरोह ने ली थी। अमन की हत्या के पीछे गैंगवार की आशंकाओं के बीच शुरू से ही स्पेशल सेल इस केस की जांच में शामिल है।

मगर अब आधिकारिक तौर पर जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल करेगी। पश्चिमी दिल्ली जिला पुलिस ने मामले की केस फाइल भी स्पेशल सेल की वेस्टर्न रेंज को सौंप दी है। स्पेशल सेल की टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। सूत्रों की मानें तो वारदात के सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस आरोपियों की पहचान कर चुकी है। मगर लेडी डॉन अन्नू समेत सभी आरोपी अंडरग्राउंड हैं। पुलिस टीम ने आरोपियों की लोकेशन के आधार पर दिल्ली समेत कई राज्यों में छापेमारी की जा रही है।

### बदमाशों को संरक्षण देने वालों पर नजर

पुलिस सूत्रों की मानें तो गैंगस्टर अपने साथ ऐसे लोगों को जोड़कर रखते हैं जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहता। ये लोग वारदात के बाद गिरोह के लोगों को संरक्षण देने का काम करते हैं। वारदात के बाद बदमाश भागकर उनके पास शरण लेते हैं। मामला ठंडा होने तक उनके पास ही छिपकर रहते हैं। संरक्षण देने वाला बदमाशों के खाने-पीने से लेकर सभी जरूरतों को पूरा करते हैं। सूत्रों का कहना है कि अमन हत्याकांड में भी ऐसा ही हुआ है। आरोपी किसी के पास संरक्षण लेकर बैठे हुए हैं। ऐसे में पुलिस टीमें अब बदमाशों को संरक्षण देने वालों पर नजर रखे हुए हैं। सेल का टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस दोनों ही पूरी तरह अलर्ट हैं। गौरतलब है कि मृतक अमन एक युवती के साथ रेस्टोरेंट में आया था। तभी वहां मौजूद हथियारबंद बदमाशों ने गोलियों से भूनकर अमन की हत्या कर दी थी। वारदात के बाद युवती अमन का फोन और पर्स लेकर फरार हो गई थी। इस वारदात को शक्ति दादा की हत्या का बदला बताया जा रहा है।

# कर्ज उतारने के लिए दोस्त की हत्या कर कैश लूटा

नारायणा में हुई वारदात, पुलिस ने 4.80 लाख व वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने नारायणा इलाके में नेपाली मूल के एक युवक की हत्या से पर्दा उठाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक मृतक का जिगरी दोस्त निकला है। उसने अपना कर्ज उतारने के लिए अन्य तीन दोस्तों के साथ मिलकर लूट के लिए हत्या की वारदात को अंजाम दिया।



डीसीपी (वेस्ट) विचित्र वीर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनुज, अभिषेक उर्फ गंजा, नीरज और सूरज के तौर पर हुई है। आरोपियों के पास से 4.80 लाख रुपये और वारदात में इस्तेमाल बाइक व फोन बरामद किया है।

डीसीपी ने बताया कि मृतक विभूति कुमार अपने परिवार के साथ नारायणा गांव में रहता था। परिवार मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है। इसके परिवार में पत्नी और दो नाबालिग बेटे शामिल हैं। विभूति की मोती नगर में कॉस्मेटिक की दुकान है। गत 12 जून को नारायणा थाना पुलिस को विभूति का शव उसे घर में खून से लथपथ पड़ा मिला। शुरुआती जांच में सामने आया कि उसकी लूटपाट के लिए हत्या की गई। इस बाबत मायापुरी थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसएचओ मायापुरी सतीश कुमार के सुपरविजन में इंस्पेक्टर संदीप यादव, एसआई सुमित, ब्रिजेश पटेल, एएसआई धानी राम, एचसी विनोद आदि की टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल व अलग-अलग रास्तों पर लगे करीब ढाई सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्से की मदद ली। टीम को आरोपी अनुज और मंजीत के बारे में सूचना मिली। अनुज मृतक का दोस्त था और करमपुरा में रहता था। अनुज अक्सर मृतक के घर आता था। पुलिस ने अनुज की जानकारी जुटाई और उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर अन्य तीन आरोपियों को भी पकड़ लिया।

### दोस्तों के साथ मिलकर की वारदात

अनुज ने पूछताछ में हत्या और लूट की बात कबूल ली है। उसने पुलिस को बताया कि उस पर करीब 35-40 लाख का कर्ज था। अब उस पर कर्ज लौटाने के लिए दबाव डाला जा रहा था। उसे पता था कि विभूति के पास काफी कैश रखा हुआ है। उसने अपने दोस्तों अभिषेक, नीरज और सूरज के साथ मिलकर विभूति की हत्या कर कैश लूटने की योजना बनाई।

# भारत में हो रहा 'इंडिया अफ्रीका पोस्टल लीडर्स मीट' का आयोजन




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): डाक क्षेत्र में अफ्रीकी देशों और भारत के प्रशासन के बीच संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से 21 से 25 जून, 2024 तक भारत में 'इंडिया अफ्रीका पोस्टल लीडर्स मीट' का आयोजन किया जा रहा है। यह यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के "दक्षिण से दक्षिण और त्रिकोणीय सहयोग" कार्यक्रम के तहत एक पहल है, जिसे इंडिया पोस्ट और यूनाइटेड स्टेट्स पोस्टल सर्विस के सहयोग से आयोजित किया गया है।

यह बैठक 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' और भारत-अफ्रीका फोरम के आयोजन और 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करने की भारत की अन्य दूरदर्शी पहलों की पृष्ठभूमि में भी महत्वपूर्ण है। इस ऐतिहासिक बैठक के लिए, डाक विभाग के संगठनों ने ग्लोबल साउथ में 22 अफ्रीकी देशों के डाक प्रशासन के 42 प्रमुखों और अन्य वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों को प्रतिनिधियों के रूप में भेजा है। बैठक का मुख्य विषय स्टडी विजिट्स के माध्यम से क्षमता निर्माण करना है। स्टडी विजिट्स से अपने व्यापक डाकघर नेटवर्क के माध्यम से भारत के सेवा वितरण के सफल मॉडल को प्रदर्शित किया जाता रहा है।

# इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 'अहबाब' का विमोचन




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अमन दीप सिद्धू चट्‌ठा ने सोमवार 24 जून 2024 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में अपनी सातवीं पुस्तक अहबाब का विमोचन किया। अमन दीप 1992 बैच की भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा अधिकारी हैं, जो वर्तमान में दिल्ली में प्रधान महालेखाकार के पद पर कार्यरत हैं। पुस्तक विमोचन के बाद पैनल चर्चा हुई। पैनलिस्टों में संजीव चोपड़ा और नवतेज जौहर शामिल थे। इस चर्चा का संचालन मोनिका धामी ने किया। इस विमोचन में अपने-अपने क्षेत्र की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। अहबाब हबीब का बहुवचन रूप है और इसका मतलब है-दोस्त, प्रेमी और प्रियजन। संक्षेप में, अहबाब हमारे पूरे अस्तित्व को परिभाषित करता है। फर्नट्री पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक हिंदी एवं उर्दू में दोहों का संकलन है, जिनका अंग्रेजी अनुवाद भी शामिल किया गया है। इस प्रकार यह उनकी पिछली रचना, इफ्शा की तरह ही त्रिभाषा रूप में है। इस बार लेखिका ने शीर्षकों के माध्यम से एक कहानी बुनी है जो बहुत कुछ बताती है तथा जिनका ताना बाना आमने सामने के पृष्ठों पर अंकित दोहे बुनते हैं। अमन दीप ने अब तक छह किताबें प्रकाशित की हैं, अहबाब उनकी सातवीं पुस्तक है। इससे पहले की किताबें एहसास-और-बंदगी, इनायत, ज़र्फ-ए-नज़र, ज़ाफ़रान, रहनुमा और इफ्शा हैं।

# स्पाइसजेट के कई विमानों ने देरी से भरी उड़ान, यात्री परेशान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई) से अलग-अलग जगहों पर जाने वाले स्पाइसजेट के आधा दर्जन से ज्यादा विमान सोमवार को देरी से उड़ान भरी। विमान के देरी होने से यात्रियों ने न सिर्फ नाराजगी जाहिर की, बल्कि कई स्पाइसजेट के खिलाफ सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर अपनी भड़ास निकाली। जानकारी के अनुसार स्पाइसजेट के विमान संख्या एसजी 8171 को बीते रविवार शाम 4.30 बजे गोवा के लिए उड़ान भरनी थी। इसके लिए यात्री चेकइन कर अंदर पहुंच गए, लेकिन वहां पता चला कि यह विमान शाम 7.30 बजे जाएगा। इसके बाद भी समय में बदलाव किया गया, जिसे लेकर यात्री नाराज हो गए। उन्होंने स्पाइसजेट के काउंटर पर जमकर हंगामा किया और वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने की मांग की। हंगामा बढ़ने पर सुरक्षाकर्मियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया। शनिवार रात 11.50 बजे इस विमान ने दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरी। सोमवार को भी इस विमान ने लगभग 12 घंटे की देरी से उड़ान भरी। विमान को सोमवार सुबह आठ बजे दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरनी थी, लेकिन शाम को छह बजे के बाद यह विमान गोवा के लिए रवाना हुआ। सोमवार को श्रीनगर जाने वाले स्पाइसजेट के तीन विमानों ने भी दो से तीन घंटे की देरी से उड़ान भरी।

अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।

## एक मिशन एक सेवा

बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दु:ख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकें।



पंजाब केसरी समाचार पत्र समूह 2000 रु.

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर 3075002102006705** में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

* यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!

पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 011-30712376, 09871598497 पर ही संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्‌ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**

# जैतपुर में रुपयों के विवाद में दिव्यांग की अपहरण के बाद हत्या

आगरा में मिला मृतक का शव तब साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस हरकत में आई

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट स्थित जैतपुर इलाके में रुपयों के लेनदेन में कुछ युवकों ने एक दिव्यांग व्यक्ति का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को आगरा यूपी में एक नाले में फेंक दिया। यूपी पुलिस को मृतक का शव मिला तो साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस हरकत में आई और वारदात में शामिल दो आरोपियों को दबोच लिया। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।



पुलिस अधिकारी के मुताबिक मृतक नन्हे लाल शर्मा अपने परिवार के साथ फरीदाबाद के बसंतपुर में रहता था। गत 17 जून को अचानक वह गायब हो गया। जिसके बाद 17 जून को उनकी भाभी सविता शर्मा ने जैतपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन कर रही थी। गत 20 जून को पता चला कि नन्हे लाल का शव आगरा स्थित थाना एत्मादपुर के पास नाले में मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण अधिक खून बहना पता चला। इस सूचना के बाद जैतपुर थाना पुलिस हरकत में आई और फरीदाबाद के बसंतपुर की गली में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पिछले कुछ समय से नन्हे लाल यहां पर ही रह रहा था। पुलिस को फुटेज में पता चला कि गत 16 जून की रात करीब सवा ग्यारह बजे वह अपने भतीजे नितिन और कालू के साथ थे। इसके बाद पुलिस ने दो से चार बजे के बीच की फुटेज देखी। जिसमें चार संदिग्ध नन्हे लाल के घर के पास घूमते नजर आए। पुलिस ने चारों के फोटो लेकर उनकी पहचान का प्रयास शुरू कर दिया। नन्हे लाल के पास घूमने वाले लोगों में से एक की पहचान जैतपुर के सौरभ विहार में रहने वाले एहसान अहमद के रूप में हुई। पुलिस ने अहमद को हिरासत में ले लिया और बाकी आरोपियों के बारे में पूछताछ की। इसके बाकी साथियों को रवि, तारीफ और नरेश को भी पुलिस ने पहचान लिया। पुलिस को पता चला कि तीन आरोपी भी दिव्यांग हैं।

# होटल की महिलाकर्मी से गैंग रेप, केस दर्ज

महिला ने मालिक, उसके बेटे, मैनेजर समेत आठ लोगों पर लगाया आरोप

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): द्वारका के पालम इलाके में एक होटल की महिलाकर्मी के साथ कथित तौर पर गैंग रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है।



महिला ने होटल के होटल के मालिक, उसके बेटे, मैनेजर समेत आठ लोगों पर रेप का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि इस मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पीड़ित के आरोपों को वैरिफाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात महावीर एंक्लेव डाबड़ी में एक महिला ने अपने साथ गैंग रेप का आरोप लगाते हुए पीसीआर कॉल की थी। उसने पुलिस को बताया कि एक होटल में तीन लड़कों ने उसके साथ गलत काम किया है। पहले यह कॉल डाबड़ी थाने को गई, बाद में केस पालम थाने में ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है पीड़िता पिछले साल अक्टूबर से इसी होटल में काम कर रही थी। जिन लोगों पर आरोप लगा है। उनमें कुछ लड़कियों के नाम भी बताये गए हैं।

### दोस्त ने ही नाबालिग को बनाया हवस का शिकार

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एक युवती चार-पांच माह का गर्भ गिराने के लिए अस्पताल पहुंची तो मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस को सूचना दे दी गई। महरौली थाना पुलिस ने युवती की काउंसलिंग कराई और फिर पूछताछ की गई। पता चला कि जब वह नाबालिग थी तब उसके एक दोस्त ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिससे वह गर्भवती हो गई। अभी हाल ही में वह 18 वर्ष की हुई है। इस खुलासे के बाद पुलिस ने युवती के दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक बड़े सरकारी अस्पताल से गत 22 जून को जानकारी मिली थी कि एक महिला अपनी बेटी के साथ अस्पताल आई है। पीड़िता करीब चार-पांच माह की गर्भवती है। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंच गई। जहां पीड़िता अपने मां के साथ मिली। पुलिस ने पीड़िता की काउंसलिंग कराई, जसके बाद उससे पूछताछ की गई। उसने बताया कि वह करीब डेढ़ साल से एक लड़के के संपर्क में थी। आरोपी ने पहली बार साल 2023 में उसके साथ बलात्कार किया था।

## Entertainment News



# सोनाक्षी सिन्हा ने शादी में पहनी मां की 44 साल पुरानी साड़ी और गहने

**सोनाक्षी** सिन्हा बीते दिन शादी के बंधन में बंधी हैं। एक्ट्रेस एक बेहद सिंम्पल ब्राइड बन सबका दिल जीत गईं। अपनी रजिस्टर्ड मैरिज में सोनाक्षी ने जो क्रीम कलर की साड़ी पहनी अब उसे लेकर खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, ये साड़ी सोनाक्षी ने स्पेशली अपनी शादी के लिए डिजाइन नहीं करवाई थी बल्कि ये तो करीब 44 साल पुरानी साड़ी है। इसी साड़ी को पहनकर उनकी मां पूनम सिन्हा ने शत्रुघ्न सिन्हा से शादी की थी। सोनाक्षी ने साड़ी के साथ-साथ गहने भी अपनी मां के ही पहने थे। वहीं, एक्ट्रेस के सास-ससुर का लुक भी बेहद स्पेशल था। जहीर इकबाल की मां रिसेप्शन पार्टी में ऑफ व्हाइट कलर का हैवी गाउन पहनकर आई थीं। खुले बाल और न्यूड मेकअप में वो बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इसके अलावा जहीर इकबाल के पिता भी वाइफ से मैचिंग कलर का ऑउटफिट पहने हुए दिखाई दिए। ये कपल दूल्हा-दुल्हन को भी टक्कर दे रहा था। वहीं, आपको बता दें, सोनाक्षी इकलौती ऐसी ब्राइड नहीं हैं जिन्होंने अपनी मां के कपड़ों में शादी रचाई हो। कई एक्ट्रेसेस पहले भी ऐसा कर चुकी हैं। ●

# लंदन में बेबीमून एंजॉय करते दिखे दीपिका और रणवीर



**दीपिका** पादुकोण इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी स्टेज को एन्जॉय कर रही हैं। रणवीर और दीपिका जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। इसी बीच हाल ही में दीपिका पति रणवीर सिंह के साथ लंदन गई हैं। जहां कपल अपना बेबीमून एंजॉय कर रहे हैं। इसी बीच अब हाल ही में लंदन से कपल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। । वीडियो में दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे दिख रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक सामने आए इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि दीपिका और रणवीर एक कैफे से बाहर निकलते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान दीपिका ओवरसाइज ब्लैक शर्ट, ब्लू डेनिम और ब्लैक बूट्स में हमेशा की ही तरह काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने लुक को ब्लैक सनग्लासेस और बैग के साथ कंप्लीट किया है, जो उनसे लुक को क्लासी टच दे रहा है। वहीं रणवीर सिंह इस दौरान ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटेड शर्ट और स्ट्राइप पैंट में नजर आए। दोनों वीडियो में एक-दूसरे का हाथ थामे लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। फिलहाल कपल का ये वीडियो आते ही इंटरनेट पर छा गया है। लोग इस वीडियो पर जमकर रिएक्शन भेज रहे हैं। ●

# सोनल चौहान ने हॉटनेस से बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा



**जन्नत** फिल्म की मशहूर एक्ट्रेस सोनल चौहान ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में सोनल ने ब्रालेट पहना हुआ है, उनके खुले बाल और लाइट मेकअप उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। तस्वीरों का बैकग्राउंड समुद्र और नीला पानी है, जो इन फोटोज को और भी अधिक आकर्षक बना रहा है। सोनल की हॉटनेस और उनकी स्टाइलिश तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं और फैंस उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। सोनल चौहान की इन तस्वीरों ने न सिर्फ उनके प्रशंसकों को बल्कि सोशल मीडिया यूजर्स को भी मंत्रमुग्ध कर दिया है। फैंस ने उनकी पोस्ट पर कमेंट्स और लाइक्स की बौछार कर दी है, जिससे यह साफ है कि उनकी हॉटनेस ने सचमुच सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। ●

## Bollywood Update



# शाहरुख संग इस फिल्म में नजर आएंगी सामंथा रूथ प्रभु



**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान को राजकुमार हिरानी की अगली परियोजना के लिए कथित तौर पर दक्षिण अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु के साथ जोड़ा गया है। अगर रिपोर्टों पर विश्वास किया जाए, तो यह ब्लॉकबस्टर फिल्म डंकी के बाद हिरानी के साथ शाहरुख की दूसरी जोड़ी होगी। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि यह एक एक्शन-एडवेंचर-देशभक्ति फिल्म होगी। हालांकि, निर्देशक के एक करीबी सूत्र ने बताया कि हिरानी अपनी अगली फिल्म में व्यस्त हैं, जबकि उन्होंने शाहरुख और सामंथा के साथ काम करने की खबरों को नकार दिया। एक्शन-एडवेंचर-देशभक्ति प्रोजेक्ट के बारे में पूछे जाने पर, सूत्र ने इसे 'निराधार' और 'असत्य' बताया और कहा कि अभिनेताओं के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है। शाहरुख को आखिरी बार तापसी पन्नू के साथ डंकी में देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग मई 2024 में शुरू हो चुकी है। ऐसी कई अफवाहें हैं कि पीके फेम राजकुमार हिरानी अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए शाहरुख खान और सामंथा रूथ प्रभु के साथ काम कर रहे हैं। निर्देशक के एक करीबी सूत्र ने इस बारे में कुछ चौंकाने वाले बयान दिए हैं।

वहीं, सामंथा रूथ प्रभु को आखिरी बार शिव निर्वाण की कुशी में देखा गया था। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा, रोहिणी मोलेटी, सरन्या प्रदीप, वेनेला किशोर, जयराम, सचिन खेडेकर, मुरली शर्मा, सरन्या पोनवन्नन और राहुल रामकृष्ण भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में थे। ●



xmart
To book online, visit auto.mahindra.com
• SOUTH WEST DELHI : SHUBAN SAI MAHINDRA :MARBLE MARKET, DWARKA/SEC - 20, : 8178101584, MADHU VIHAR, RAJAPURI: 8178101995 NAJAFGARH: 8178102134 • CENTRAL DELHI : MALWA MAHINDRA : KAROL BAGH : 9289524166, DARYAGANJ : 9289923362, 9289809360, •WEST DELHI: SRI DURGA : MOTI NAGAR: 7290055624, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PEERAGARHI: 7290055619, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : JANAKPURI : 9821500363, MALWA MAHINDRA : NARAINA : 92056 66547 • EAST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : ASHOK NAGAR : 9953424546, SHIVA AUTO : DILSHAD GARDEN METRO STATION/PATPARGANJ : 8929172582 • SOUTH DELHI : MALWA MOTORS : MAHIPALPUR : 9289773666, KONCEPT AUTOMOBILES : LAJPAT NAGAR : 7290055631, SHIVA AUTO : SAKET : 7669783680, SYNERGY CARS : SAFDARJUNG ENCLAVE: 7290055630, UNITED AUTOMOBILES : MOHAN ESTATE : 9289524154, KONCEPT AUTOMOBILES : OKHLA PHASE - I : 9999010116, 7669459607 • NORTH DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : WAZIRPUR : 7290055619, SHAKTI NAGAR : 9311011260, NARELA : 9289263814 • NORTH WEST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PRASHANT VIHAR : 9289263813 • FARIDABAD : UNITED AUTOMOBILES : NHPC CHOWK : 7428081661, PRIME AUTOMOBILES : YMCA CHOWK/HODAL /PALWAL: 7290055625 • NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : NOIDA ( SEC-2 ): 7290055627, NOIDA ( SEC-63 ): 7290055628 • GREATER NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : GREATER NOIDA /JEWAR : 7290055627 • GURUGRAM : DEE EMM : ATUL KATARIA CHOWK /PATAUDI /SECTOR-14 : 8929648040, GOLF COURSE : 8929648021, KONCEPT AUTOMOBILES : MG ROAD: 7290055620, SOHNA ROAD: 7290055621, RAJEEV CHOWK: 8588868806, SOHNA : 9899794379, ARAV MOTORS : MANESAR : 9289220861 • GHAZIABAD : SHIVA AUTO : VAISHALI METRO STATION: 7290055615, MODINAGAR : 07669700992, LOHIA NAGAR: 7290055612, HAPUR:7290055614, BULANDSHAHAR: 7617595010,8929088709 • HARYANA : LOHCHAB MOTORS :JHAJJAR /BAHADURGARH /ROHTAK/MEHAM : 8059888800, DEWAN FOURWHEELS PVT LTD: REWARI-8607600241, 8607600251, DHARUHERA-8607600207, NARNAUL-8607600220, 8607600243, MOHINDERGARH- 8743812345, PP AUTOMOTIVE : SONIPAT /PANIPAT /KARNAL : 7574808718

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

## न्यूयॉर्क को '96 किलो वजन' वाला शहर बुलाती हैं सारा अली

**मुंबई,** (आईएएनएस): बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों फिल्मों की शूटिंग से ब्रेक लेकर अमेरिका के न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रही हैं। इस शहर को वह '96 किलो वजन' वाला शहर बुलाती हैं। सारा ने न्यूयॉर्क ट्रिप से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। उन्होंने व्हाइट क्रॉप टॉप और रेड शॉर्ट्स के साथ स्नीकर्स में अपनी फोटो इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट की। फोटो में वह कॉफी पीते हुए नजर आ रही हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, उस शहर में वापस आना शानदार है, जहां मेरा वजन 96 किलो था। एक्ट्रेस ने उन दिनों को याद किया, जब वह न्यूयॉर्क के कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही थीं और तब उनका वजन 96 किलो था।



## द. कोरिया : फैक्टरी में भीषण आग, 22 की मौत



**सियोल, (एपी):** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप, लिथियम बैट्री बनाने वाली फैक्टरी में सोमवार को आग लग जाने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ज्यादातर प्रवासी चीनी श्रमिक थे। अग्निशमन अधिकारियों ने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया कि आग सुबह करीब 10:30 बजे सियोल के दक्षिण में स्थित ह्वासोंग शहर में फैक्टरी की दूसरी मंजिल पर बैटरियों में विस्फोट होने के बाद लगी। जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त श्रमिक बैटरियों की जांच और पैकेजिंग कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी। स्थानीय अग्निशमन अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि मृतकों में 18 चीनी, दो दक्षिण कोरियाई और एक व्यक्ति लाओस का नागरिक था। उन्होंने कहा कि मृतकों में से एक की नागरिकता का पता नहीं चल सका है। किम ने बताया कि फैक्टरी में काम करने वाले एक व्यक्ति से संपर्क नहीं हो पाया है और बचावकर्मी घटनास्थल पर तलाश अभियान जारी रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि आठ घायलों में से दो की हालत गंभीर है। आग एरिसेल नामक कंपनी के स्वामित्व वाली एक फैक्टरी की इमारत में लगी। किम ने बताया कि जो लोग मृत पाए गए वे संभवत: सीढ़ियों के रास्ते बाहर नहीं निकल पाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या फैक्टरी में आग बुझाने के उपकरण थे और क्या वे चालू हालत में थे।

**मृतकों में ज्यादातर चीनी श्रमिक, आठ घायल**

## राजनीतिक फायदे के लिए न करें आतंकवाद की अनदेखी

### कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर ओटावा पर बरसा भारत



**ओटावा, (भाषा):** भारत ने कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को 'निंदनीय' करार देते हुए कहा है कि विश्व में किसी भी देश की सरकार को अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे की अनदेखी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर एक बयान में कहा कि आतंकवाद की 'कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल' नहीं होती।

ओटावा में भारतीय उच्चायोग और टोरंटो तथा वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावासों ने, 1985 में 'आतंकवाद के घृणित कृत्य' में मारे गए लोगों की याद में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा, मानव जीवन क्षणिक राजनीतिक हितों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। सभी आतंकवादी गतिविधियों का सामना अनुकरणीय कानूनी और सामाजिक कार्रवाई से किया जाना चाहिए, इससे पहले कि वे व्यापक मानवता को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दें।'' वर्मा ने कहा, 'सरकारों, सुरक्षा एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को आतंकवादी नेटवर्क को नष्ट करने, उनके वित्तपोषण को बाधित करने और उनकी विकृत विचारधाराओं का मुकाबला करने के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि यह 'दुर्भाग्यपूर्ण' है कि यहां कई मौकों पर 'नियमित रूप से' ऐसे कृत्य करने दिये जाते हैं जबकि सभी शांति प्रिय देशों एवं लोगों को इसकी निंदा करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने बयान में कहा, 'इस कायरतापूर्ण कृत्य को 39 साल पूरे हो गए हैं लेकिन आतंकवाद ने दुर्भाग्यपूर्ण रूप से आज अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरे का रूप धारण कर लिया है।' गौरतलब है कि पिछले सप्ताह, खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडा की संसद द्वारा 'एक मिनट का मौन' रखे जाने की भारत ने आलोचना की थी। भारतीय उच्चायोग ने यहां कहा कि आतंकवाद 'कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल'' नहीं जानता और यह एक चुनौती है जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिलकर निपटने की जरूरत है।

## दागिस्तान में आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या 19 हुई

**मॉस्को,** (एजेंसी): रूस के दागिस्तान में रविवार को हुए आतंकी हमलों में 15 पुलिसकर्मियों और चार नागरिकों समेत कुल 19 लोगों की मौत हुई है। शुरुआती आंकड़ों में 7 लोगों की मौत की खबर आई थी। आतंकियों ने रूस के 2 चर्च, एक सिनेगॉग और एक पुलिस पोस्ट पर हमला किया था।

इस घटना के बाद प्रशासन ने आतंकवाद रोधी कार्रवाई शुरू की, जिसमें सभी हमलावरों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, बंदूकधारियों की संख्या के बारे में अलग-अलग स्रोत अलग-अलग जानकारी दे रहे हैं। आतंकवाद रोधी समिति ने पांच हमलावरों को मार गिराने की बात कही है, वहीं प्रांत के गवर्नर ने छह आक्रमणकारियों के मारे जाने की जानकारी दी है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने चरमपंथी शामिल थे।

दागिस्तान के गवर्नर सेर्गेई मेलिकोव ने टेलिग्राम पर प्रसारित एक वीडियो में शोक जताते हुए कहा, यह दागिस्तान और पूरे देश के लिए एक दुखद दिन है। मेलिकोव ने कहा, हम समझते हैं कि आतंकवादी हमलों के पीछे कौन है और उनका क्या मकसद है।

T20 विश्व कप 2024

# भारत शान से सेमीफाइनल में



**ग्रॉस आइलेट,** (भाषा) : कप्तान रोहित शर्मा के तूफानी अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत सुपर आठ के अपने तीनों मैच जीतकर छह अंक के साथ शीर्ष पर रहा और सेमीफाइनल में 27 जून को इंग्लैंड से भिड़ेगा। ग्रुप एक से अब भी ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश तीनों के पास अंतिम चार के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। भारत के 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (76 रन, 43 गेंद, नौ चौके, चार छक्के) के अर्धशतक और उनकी कप्तान मिशेल मार्श (37) के साथ दूसरे विकेट की 81 और ग्लेन मैक्सवेल (20) के साथ तीसरे विकेट की 41 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 181 रन ही बना सका। भारत की तरफ से अर्शदीप ने 37 रन देकर तीन जबकि कुलदीप यादव ने 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। अक्षर पटेल (21 रन पर एक विकेट) और जसप्रीत बुमराह (29 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट हासिल किया। रोहित ने इससे पहले 41 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों से 92 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे भारत ने पांच विकेट पर 205 रन का मौजूदा टूर्नामेंट का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने ऋषभ पंत (15) के साथ दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 38 गेंद में 87 रन की साझेदारी की। सूर्यकुमार यादव (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (नाबाद 27) ने भी उपयोगी पारियां खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और मार्कस स्टोइनिस ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। स्टार्क ने 45 जबकि स्टोइनिस ने 56 रन लुटाए। जोश हेजलवुड ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 14 रन देकर एक विकेट चटकाया। पैट कमिंस ने भी चार ओवर में 48 रन खर्च किए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहले ओवर में ही डेविड वार्नर (06) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार को कैच थमाया। मार्श और सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने इसके बाद पावर प्ले में स्कोर एक विकेट पर 65 रन तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत**

| | |
|---|---|
| रोहित बो. स्टार्क | 92 |
| विराट का. डेविड बो. हेजलवुड | 00 |
| पंत का. हेजलवुड बो. स्टोइनिस | 15 |
| सूर्यकुमार का. वेड बो. स्टार्क | 31 |
| दुबे का. वार्नर बो. स्टोइनिस | 28 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 27 |
| रविंद्र जडेजा नबाद | 09 |
| **अतिरिक्तः** | 03 |
| **कुलः** 20 ओवर में | 5/205 |

**विकेट पतनः** 1/6, 2/93, 3/127, 4/159, 5/194

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-45-2, हेजलवुड 4-0-14-1, कमिंस 4-0-48-0, जंपा 4-0-41-0, स्टोइनिस 4-0-56-2.

**आस्ट्रेलिया**

| | |
|---|---|
| वार्नर का. सूर्याकुमार बो. अर्शदीप | 06 |
| हेड का. रोहित बो. बुमराह | 76 |
| मार्श का. अक्षर बो. कुलदीप | 37 |
| मैक्सवेल बो. कुलदीप | 20 |
| स्टोइनिस का. हार्दिक बो. अक्षर | 02 |
| डेविड का. बुमराह बो. अर्शदीप | 15 |
| वेड का. कुलदीप बो. अर्शदीप | 01 |
| कमिंस नाबाद | 11 |
| स्टार्क नाबाद | 04 |
| **अतिरिक्त :** | 09 |
| **कुल :** 20 ओवरों में | 7/181 |

**विकेट पतन :** 1/6, 2/87, 3/128, 4/135, 5/150, 6/153, 7/166.

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-37-3, बुमराह 4-0-29-1, अक्षर 3-0-21-1, हार्दिक 4-0-47-0, कुलदीप 4-0-24-2, जडेजा 1-0-17-0.

## बांग्लादेश के खिलाफ आत्ममुग्धता से बचना होगा अफगानिस्तान को



**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6:00 बजे शुरू होगा**

**किंग्सटाउन,** (भाषा) : पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत अभी ग्रुप में शीर्ष पर काबिज है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश का नंबर आता है। ऑस्ट्रेलिया का नेट रन रेट अफगानिस्तान से बेहतर है और अगर वह भारत को हरा देता है तो फिर उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ जाएगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो, अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं तथा अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है।


## फ्रेंचाइजी के बजाय देश को महत्व दें खिलाड़ी : पावेल



**नॉर्थ साउंड,** (भाषा) : टी20 विश्व कप से बाहर हो चुकी वेस्टइंडीज टीम के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने कैरेबियाई क्रिकेट की रौनक लौटाने के लिये टीम की तारीफ की है लेकिन खिलाड़ियों से अनुरोध किया कि वे फ्रेंचाइजी क्रिकेट की बजाय देश के लिये खेलने को तरजीह दें। पिछले दो विश्व कप से जल्दी बाहर हो रही दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज टीम दक्षिण अफ्रीका से वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में हारकर सेमीफाइनल में प्रवेश से चूक गई। पॉवेल ने कहा कि अब देश के लिये खेलने की ललक फिर जागती दख रही है और उम्मीद है कि यह जारी रहे। उन्होंने स्वीकार किया कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट के प्रलोभन के चलते वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्रिकेट बोर्ड के लिये हमेशा अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनना आसान नहीं होता।

## 12वें बच्चे के पिता बने एलन मस्क

**वाशिंगटन, (एजेंसी):** अरबपति कारोबारी एलन मस्क 12वें बच्चे के पिता बने हैं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक ये बच्चा उनकी पार्टनर और न्यूरालिंक की मैनेजर शिवॉन जिलिस से हुआ है। बच्चे का जन्म साल की शुरुआत में हुआ था। कपल ने अपने परिवार के इस नए सदस्य के बारे में सार्वजनिक तौर पर घोषणा नहीं की है। लिहाजा जिलिस के साथ उनके तीसरे बच्चे के जेंडर और नाम के बारे में अभी पता नहीं चल सका है। वैसे ये दोनों पहले से ही जुड़वां बच्चों के माता-पिता है। मस्क ने 2021 में जिलिस के साथ जुड़वां बच्चों स्ट्राइडर और एज्योर का स्वागत किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क के 12 बच्चों में से 6 बच्चे पिछले 5 साल में हुए हैं। 3 शिवॉन से और 3 म्यूजिशियन ग्रिम्स ने पैदा किए हैं। वहीं, 5 बच्चे उनकी पहली पत्नी राइटर जस्टिन मस्क से हैं।



## कनाडा में पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट के जरिए अब नहीं मिलेगी एंट्री



- **ट्रूडो ने बदले नियम, भारतीय विद्यार्थियों के लिए बुरी खबर**

**ओटावा, (एजेंसी):** कनाडा ने भारतीय विद्यार्थियों को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, ट्रूडो सरकार ने वीजा नियमों में कुछ बदलाव किए हैं, जो 21 जून से लागू भी हो गए। नए नियमों के मुताबिक, 21 जून 2024 के बाद से विदेशी नागरिक पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट (पीजीडब्ल्यूपी) के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे। अब यह प्रक्रिया बंद कर दी गई है यानी कनाडा में एंट्री के लिए पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट अब कारगर नहीं होगा। कनाडा सरकार ने सीमा सेवा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे कनाडा में प्रवेश के लिए पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट आवेदनों पर कोई विचार ना करें। कनाडा सरकार के बयान के अनुसार, विदेशी नागरिक अब बॉर्डर पर पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इससे सैकड़ों भारतीय छात्रों पर काफी असर पड़ने वाला है। फाइनेंशिल एक्सप्रेस के मुताबिक, आवेदक कनाडा के भीतर से पीजीडब्ल्यूपी के लिए आवेदन कर सकते हैं, अगर उनका अध्ययन परमिट समाप्त नहीं हुआ है। मतलब जो आवेदक अपने अध्ययन परमिट के वैध रहने के दौरान अपने वर्क परमिट के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें वर्क परमिट आवेदन पर निर्णय आने तक बिना परमिट के काम करने की अनुमति दी जा सकती है। किसी विदेशी नागरिक ने अपने अध्ययन परमिट को बढ़ाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है और वे अध्ययन कर रहे हैं तो यह नियम उन पर लागू नहीं होता है।

## गिल को भारतीय टीम की कप्तानी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): युवा रियान पराग, अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिये पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली है जबकि शुभमन गिल टीम के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप खेल रहे सीनियर खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। जिम्बाब्वे दौरा छह जुलाई से शुरू होगा जिसमें पांच टी20 मैच खेले जायेंगे। पराग, अभिषेक और रेड्डी के अलावा तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, आवेश खान और रिंकू सिंह को भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। टी20 विश्व कप में शामिल संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। गिल और आवेश टी20 विश्व कप में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें ग्रुप चरण के मैचों के बाद रिलीज कर दिया गया था।

**भारतीय टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, नीतिश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

**पराग, अभिषेक, रेड्डी पहली बार भारतीय टीम में**

## 12 जुलाई 2038 को खत्म हो जाएगी दुनिया!

- **नासा की डराने वाली भविष्यवाणी**
- **तेजी से आ रहा विशाल एस्टेरॉयड, टक्कर की 72 प्रतिशत संभावना**



**वाशिंगटन, (एजेंसी):** दुनियाभर में मच रही उथल पुथल और दो युद्धों के बीच अब नासा ने डराने वाली भविष्यवाणी की है। इस भविष्यवाणी के मुताबिक, आज से 14 साल बाद यानी 12 जुलाई 2038 को एक खतरनाक क्षुद्रग्रह पृथ्वी से टकरा सकता है, जिसके चलते दुनिया खत्म हो सकती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इस विशालकाय एस्टेरॉयड के टकराने की संभावना 72 प्रतिशत तक है और इसे रोक पाने के लिए धरती पर अभी पूरी तरह से तैयारी नहीं है। नासा की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में एजेंसी ने पांचवां प्लैनेटरी डिफेंस इंटर एजेंसी टेबलटॉप अभ्यास आयोजित किया था, जिसमें अमेरिकी सरकारी एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के लगभग 100 प्रतिनिधि शामिल थे। 20 जून को मैरिलैंड स्थित जॉन्स हॉपकिन्स एप्लाइड फिजिक्स लैबोरेटरी में इसके मुख्य निष्कर्ष जारी किए गए। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि यह एक्सरसाइज इस कारण की गई थी कि इस तरह के खतरे से निपटने के लिए हमारी धरती की क्षमता का आकलन किया जा सके। इस एक्सरसाइज के दौरान काल्पनिक परिदृश्य के लिए एक खास तरह का माहौल तैयार किया गया था। इस दौरान कभी नहीं पहचाने गए स्टेरॉयड की पहचान की गई और काम किया गया। इस रिपोर्ट ने जो शुरुआती गणना की उसके मुताबिक इस क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने की 72 प्रतिशत संभावना है, जिसमें करीब 14 सालों का समय लगेगा। हालांकि, स्टेरॉयड के आकार, कॉम्पोजिशन और लॉन्गटर्म ट्रेजेक्टरी को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। वॉशिंगटन स्थित नासा के हेड ऑफिस में प्लैनेटरी डिफेंस ऑफिसर लिंडले जॉनसन ने कहा कि इस एक्सरसाइज की शुरुआती अनिश्चितताओं ने प्रतिभागियों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर विचार करने का मौका दिया है। उनके मुताबिक एक बड़ा क्षुद्रग्रह संभावित रूप से एकमात्र प्राकृतिक आपदा है।

## वेस्टइंडीज बाहर, दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में



- **तबरेज शम्सी की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन : डकवर्थ लुइस प्रणाली से तीन विकेट से जीत हासिल की**

**नॉर्थ साउंड,** (भाषा) : स्पिनर तबरेज शम्सी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) और कप्तान एडन मार्कराम (28 रन देकर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसने सुपर 8 में अपने तीनों मैच जीते और इस तरह से ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। वह अन्य मेजबान अमेरिका को 10 विकेट से हराकर पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था। दक्षिण अफ्रीका ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रीजा हेंडरिक्स (00) और क्विंटन डिकॉक (12) के विकेट गंवा दिए थे।

## भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमों ने ओलंपिक कोटा हासिल किये

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया। भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा। ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।